राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 चोट के कारण मेस्सी का सामना नहीं...

कांग्रेस ने मुम्बई की 3 सीटों पर... 12

वर्ष : 14 | अंक : 260 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 02 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 16°C
न्यूनतम तापमान 10°C


**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 64,640 |
| चांदी | 79,800 |
| सेंसेक्स | 71,645 |
| निफ्टी | 21,697 |

# वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बना लेंगे: सीतारमण

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। वित्तमंत्री सीतारमण ने देश का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि भारत 2047 तक विकसित बन जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार का फोकस ग्रामीण विकास पर है। निर्मला सीतारमण का यह छठा बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बीते 10 सालों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए और सरकार गरीबों को सशक्त बना रही है। 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा का फायदा मिला है। मुफ्त राशन से 80 करोड़ लोगों की खाने की चिंता खत्म हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने रिकॉर्ड समय में जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरा किया। 2047 तक विकसित भारत बना लेंगे. देश में 80 करोड़ लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। हमारी सरकार का जोर गांवों के विकास पर फोकस है। हमारी सरकार में देश में नौकरी के अवसर बढ़े। किसानों की आर्थिक आय को बढ़ाया गया. सीतारमण ने कहा कि बीते 10 सालों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि हमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उनकी जरूरतों और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। अपने संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार में रोजगार और उद्यम के क्षेत्र में अवसर पैदा किए गए। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है. 2014 में देश भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था. सरकार ने उन चुनौतियों पर काबू पाया और संरचनात्मक सुधार किए, जन हितैषी सुधार किए गए। देश की जनता भविष्य की तरफ देख रही है। वे आशान्वित हैं. पीएम मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं। जब पीएम मोदी ने 2014 में काम शुरू किया तब बहुत ज्यादा चुनौतियां थीं। जनता के हित में काम शुरू किए हैं। जनता को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर दिए हैं। देश में नया उद्देश्य और उम्मीद जगी है. जनता ने हमें दूसरी बार सरकार में चुना. हमने व्यापक विकास की बात की. सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़े। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 सालों में सकारात्मक बदलाव हुए। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। आम जनता को विकास का फायदा हो रहा है। सबका साथ और सबका विकास हमारी सरकार का मूल मंत्र है। कोरोना के बाद इकोनॉमी तेजी से बढ़ी है। लोगों को रोजगार के नए मौके मिले और हमारी सरकार ने युवा देश की आकांक्षा को पूरा किया और गांव में लोगों के विकास पर हमारी सरकार का जोर है।



## राष्ट्रपति से मिलीं वित्तमंत्री सीतारमण

यह लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार के कार्यकाल का आखिरी बजट है। मोरारजी देसाई के बाद निर्मला सीतारमण देश की दूसरी वित्त मंत्री होंगी जिन्हें छठी बार बजट पेश करने का अवसर मिल रहा है। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, राज्य मंत्री डॉ भागवत किशनराव कराड और पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्रीय बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। संसद के बजट सत्र की शुरूआत से पहले बुधवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है और उनकी सरकार भी ऐसा ही करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के इरादे के खाके के साथ बजट पेश करेंगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद से पिछले कुछ महीनों में कैसे नारी शक्ति की छाप नजर आई है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया को उम्मीद है कि बजट से इलेक्ट्रिक कारों पर जीएसटी के बारे में दीर्घावधि योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी संतोष अय्यर ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि इससे वाहन कंपनियों के लिए अपने आगामी निवेश की योजनाएं बनाने की राह आसान होगी। मौजूदा समय में इलेक्ट्रिक वाहनों पर पांच प्रतिशत की रियायती दर से जीएसटी वसूला जाता है। वहीं इंटरनल कम्बश्चन इंजन (आईसीई) से जुड़े वाहनों के लिए यह दर 28 प्रतिशत है। अंतरिम बजट के दिन सोने चांदी के भाव में गिरावट देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 62,600 रुपये और चांदी के 72,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने–चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। अंतरिम बजट से पहले भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। शुरूआत में, एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 248.4 अंक चढ़कर 72,000.51 अंक पर खुला। इसी तरह निफ़्टी-50 भी 62.65 अंक बढ़कर 21,788.35 अंक पर खुला। एक अधिकारी के मुताबिक सरकार अंतरिम बजट के दौरान पुरानी टैक्स सिस्टम में 7 लाख रुपये के आसपास इनकम वाले लोगों के लिए छूट दरें बढ़ा सकती है। इस कदम का उद्देश्य सरकार के वित्तीय घाटे की समस्या पैदा किए बिना कम आय वाले लोगों और महिला किसानों की मदद करना है। अंतरिम बजट के दिन ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 14 रुपये की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार अगले वित्त वर्ष के लिए फूड और फर्टिलाइजर सब्सिडी के मद में 4 लाख करोड़ रुपये (48 अरब डॉलर) आवंटित कर सकती है। सरकार से जुड़े दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रवर्तन निदेशालय ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन की कंपनी पर छापे मारे

चेन्नई भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की चेन्नई स्थित कंपनी इंडिया सीमेंट्स के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापे मारे हैं। साल 2008 से 2014 तक इंडिया सीमेंट्स के पास ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम चेन्नई सुपर किंग्स का मालिकाना अधिकार भी था। श्रीनिवासन इंडिया सीमेंट्स के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष हैं। इंडिया सीमेंट्स देश की बड़ी सीमेंट कंपनियों में से एक हैं। राजस्व के हिसाब से यह देश की 9वीं सबसे बड़ी सूचीबद्ध सीमेंट कंपनी है। इंडिया सीमेंट्स के तमिलनाडु के अलावा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी सात संयंत्र हैं। श्रीनिवासन का क्रिकेट जगत में काफी दबदबा है और उनके बीसीसीआई अध्यक्ष रहते क्रिकेट का काफी तेजी से विकास हुआ। इसके अलावा चेन्नई सुपरकिंग्स और आईपीएल को भी आगे बढ़ाने में उनकी अहम भूमिका रही है।

### महाराष्ट्र में की जायेगी 17471 पुलिसकर्मियों की भर्ती

मुंबई। वित्त विभाग ने महाराष्ट्र में 100 फीसदी पुलिस भर्ती को मंजूरी दे दी है. इसके तहत राज्य में 17 हजार 471 पुलिसकर्मियों की भर्ती की जायेगी. पुलिस कांस्टेबल, पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर, सशस्त्र पुलिस कांस्टेबल और जेल कांस्टेबल जैसे कुल 17471 पदों पर भर्ती की जाएगी। जबकि अन्य विभाग केवल 50 फीसदी पदों पर ही भर्ती कर सकते हैं. आपको बता दें कि कुछ महीने पहले सरकारी नौकरियों में अनुबंध पर भर्ती को लेकर विवाद होने पर शिंदे-फड़नवीस सरकार ने अनुबंध (ठेका) के आधार पर नवरात्रि, दिवाली, रमजान और अन्य त्योहारों के दौरान मुंबई पुलिस की मदद के लिए पुलिसकर्मियों की नियुक्ति करने का फैसला किया था। मुंबई में 3 हजार ठेका पद्धति पर पुलिसकर्मियों की भर्ती होनी थी. गृह मंत्रालय की योजना राज्य सुरक्षा निगम के जवानों से अनुबंध पर भर्ती करने की थी. इन जवानों को पुलिसकर्मियों की तरह प्रशिक्षित करने के लिए 11 महीने के लिए अनुबंध के आधार पर भर्ती किया जाना था। लेकिन विपक्ष ने इस फैसले को लेकर सरकार की आलोचना की. सवाल उठाया गया कि मुंबई जैसे संवेदनशील शहर की सुरक्षा का ठेका पुलिस को सौंपना कितना उचित है. इसके बाद सरकार ने अब 100 फीसदी पुलिस भर्ती को मंजूरी दे दी है।

### झारखंड में ईडी कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

रांची। झारखंड में जमीन घोटाले मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बुधवार हुई गिरफ्तारी के बाद ईडी की रांची स्थित जोनल कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गिरफ्तारी के बाद श्री सोरेन को ईडी के रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में ही कल रात में रखा गया था। गुरुवार सुबह सीआरपीएफ के जवान दो बसों में सवार होकर ईडी कार्यालय पहुंचे। वहीं झारखंड पुलिस के जवान भी कैंप बनाकर ईडी कार्यालय के सामने जमे हुए हैं। वाटर कैनन, वज्र वाहन भी ईडी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया है। कुछ आदिवासी संगठनों की ओर से आज झारखंड बंद की सूचना पर पुलिस ने यहां पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज ईडी कोर्ट में पेश करेगी और पूछताछ के लिए रिमांड की मांग कोर्ट से करेगी।

# भाजपा ने बजट को सराहा विपक्ष ने बताया जनविरोधी

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को आम बजट पेश कर दिया है। भाजपा ने केंद्रीय बजट को एक सर्व-समावेशी और दूरदर्शी करार दिया और कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और गति देगा। वहीं, विपक्ष ने इसे जन-विरोधी बताते हुए कहा कि नौकरियां पैदा करने के लिए कोई विजन नहीं, महंगाई से निपटने की कोई योजना नहीं है। बजट प्रस्तावों ने भाजपा और विपक्ष के बीच अमृत काल बनाम मित्र काल की बहस भी छेड़ दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बजट गरीबों और मध्यम वर्ग सहित एक आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करने वाला है।

राहुल गांधी ने कहा कि यह केवल अमीरों के लिए तैयार किया गया है। मोदी ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अमृत काल में पहले बजट ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत आधार स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग को सशक्त करने के लिए सरकार ने पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, जिससे जीवन सुगमता सुनिश्चित हुई है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, इस साल का बजट भारत के विकास पथ में नई ऊर्जा का संचार करता है। भाजपा ने देश की आजादी के 75वें वर्ष 2022 से 2047 के 100वें वर्ष के बीच की अवधि को अमृत काल के रूप में वर्णित करती है।

**मोदी सरकार के संकल्प को देगा और गति** : भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि आम बजट दलितों, आदिवासियों, किसानों, पिछड़े और उत्पीड़ित वर्गों को सशक्त और उत्थान करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के मोदी सरकार के संकल्प को और गति देगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट से देश में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है जो लोगों को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर ले जाएगा और अगले कुछ दिनों में शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

**नौकरियां पैदा करने और महंगाई से निपटने के लिए कोई विजन नहीं** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं है। मित्र काल बजट में नौकरियां पैदा करने या महंगाई से निपटने के लिए कोई विजन नहीं है। असमानता को दूर करने का कोई इरादा नहीं है।



### जनभागीदारी होगी मजबूत : गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, यह बजट अमृत काल में एक नए भारत की नींव रखेगा और 130 करोड़ भारतवासियों का जीवन बेहतर और खुशहाल करेगा। यह बजट सबका साथ, सबका प्रयास के जरिये जनभागीदारी की जरूरत को समझते हुए अमृत काल के लिए मजबूत वित्तीय क्षेत्र के साथ एक तकनीक-संचालित और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला है।

### नाम बड़े और दर्शन छोटे : मल्लिकार्जुन

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कहा कि मोदी सरकार का बजट जनता का भाजपा पर लगातार गिरते विश्वास का सबूत है। बजट में बेरोजगारी का हल ढूंढ़ने की कोई भी कोशिश नहीं की गई है। खरगे ने कहा कि हर घर महंगाई है, आम इन्सान की आफत आई है। बजट में ऐसा कुछ नहीं है जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में कोई भी कमी आए। आटा, दाल, दूध, रसोई गैस इन सबका दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने देश को लूटा है। बजट में दलित, आदिवासी, पिछड़ों के लिए कुछ भी नहीं।

### गरीब, महिला, युवा और किसान सभी का ध्यान रखने वाला बजट : सीएम डॉ. यादव

भोपाल। लेखानुदान के रूप में आज प्रस्तुत किया गया बजट सर्वहितैषी और सर्वस्पर्शी है। इसमें गरीब से लेकर महिला, युवा और किसान सभी का ध्यान रखा गया है। यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में कही। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को प्रगति पथ पर अग्रसर करने के प्रयास निरंतर जारी हैं। लेखानुदान के तौर पर प्रस्तुत अंतरिम बजट में गरीब, महिला, युवा और किसान सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि देश में जारी विकास और जनकल्याणकारी कार्यों से 25 करोड़ की आबादी गरीबी-रेखा से उबर पायी है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से ही आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित हुआ है। इसके साथ ही भविष्य में पीएम मोदी की मंशानुरूप भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार किया जा सकेगा। इसके साथ ही अमृतकाल में वर्ष 2047 तक भारत विश्व का प्रथम राष्ट्र होगा। गौरतलब है कि आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुरैना प्रवास पर पहुंचे हैं और उन्होंने वहीं से केन्द्रीय बजट पर अपनी सटीक प्रतिक्रिया दी है। यहां उन्होंने कहा कि देश में दो करोड़ लोगों को आवास उपलब्ध कराने की जो संकल्पना है, वह अद्भुत है। ऐसे में अब गरीब के लिए घर नहीं बना पाना अभिशाप नहीं होगा। उन्होंने हा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि कोई भी घर पक्की छत के बिना न रहे। इसके साथ ही मध्यम वर्ग की नयी आवास योजना भी उपलब्धिपरक है। उन्होंने कहा कि इस अंतरिम बजट में आंगनवाड़ी कार्यकताओं और आशा कार्यकताओं को आयुष्मान योजना का लाभ देने की व्यवस्था की गई है। इन सुविधाओं की गरीब परिवारों को लंबे समय से दरकार थी।

## आज से आम लोगों के लिए खुलेगा राष्ट्रपति भवन का प्रसिद्ध अमृत उद्यान



प्रात: किरण/एजेंसी

**अमृत उद्यान**


- प्रमुख आकर्षणों में 225 वर्ष पुराना शीशम का पेड़
- 50,000 से अधिक लोगों ने बुकिंग करवा ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन का प्रसिद्ध अमृत उद्यान शुक्रवार से जनता के लिए खुल जाएगा, इसमें इस वर्ष के प्रमुख आकर्षणों में 225 वर्ष पुराना शीशम का पेड़, एक पुष्प घड़ी और एक सेल्फी प्वाइंट शामिल है। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने बताया, कि राष्ट्रपति भवन देखने के लिए बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। अमृत उद्यान देखने के लिए 50,000 से अधिक लोगों ने बुकिंग करावा ली है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अमृत उद्यान में उद्यान उत्सव 2024 का उद्घाटन करेंगी। गुप्ता ने बताया कि आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से मुफ्त बस सेवा का भी प्रावधान है। अधिकारियों ने बताया कि पहली बार, अमृत उद्यान में आने वाले आगंतुकों के लिए ट्यूलिप का एक थीम गार्डन भी विकसित किया गया है। पर्यटक डबल डिलाइट, सेंटीमेंटल और कृष्णा नाम के गुलाबों की विशेष किस्में भी देख सकते हैं। उद्यान के प्रभारी अवनीश बंसवाल ने बताया कि इस साल के मुख्य आकर्षणों में से 225 साल पुराना शीशम का पेड़ और एक अनोखा अमृत उद्यान लोगोह्र है, जो एक सेल्फी प्वाइंट के रूप में भी काम करेगा। उन्होंने बताया, इसके अलावा, 200 साल से अधिक पुराने पिलखन पेड़ के पास एक पुष्प घड़ी और एक छात्र गतिविधि क्षेत्र भी प्रमुख आकर्षणों में से हैं। अधिकारियों ने कहा कि आगंतुकों के लिए जलपान की सुविधा के लिए एक फूड कोर्ट भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि अमृत उद्यान दो फरवरी से 31 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। शाम चार बजे के बाद आगंतुकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। आंगतुक नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से उद्यान में प्रवेश कर सकते हैं। अमृत उद्यान रखरखाव कार्य के लिए सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन खुला रहेगा। इसके लिए बुकिंग राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट से की जा सकती है।

# ममता ने खुद बयां किया दर्द, पुराने जख्मों ने कर दिया इंडिया से दूर

- सीपीएम को बताया रास्ते का कांटा, कभी माफ नहीं करने की खाई कसम

प्रात: किरण/एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि वह कांग्रेस के अडियल रबैये के कारण इंडिया से दूर नहीं हुई, बल्कि उन्हें पुराने जख्मों ने बेकाबू कर दिया और इंडिया से दूर हो गई। वह सीपीएम को कभी माफ नहीं कर सकती, सीपीएम ने उन्हें बहुत प्रताडित किया है। फिर भी ममता ने इंडिया गठबंधन से अभी इनकार नहीं किया है, बशर्ते कि कांग्रेस कुछ चीजें सही कर लें। बता दें कि राज्य में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई हैं। पार्टी सुप्रीमों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद इसका नेतृत्व कर रही हैं। पार्टी ने राज्य की सभी 42 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। बता दें कि ममता ने पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन से खुद को अलग कर लिया था। पार्टी का कहना था कि सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस की तरफ से अड़ियल रुख अपनाए जाने की वजह से यह गठबंधन टूटा है। हालांकि, जनता के बीच पहुंचकर मुख्यमंत्री ने इस गठबंधन के टूटने के पीछे की वजह कुछ और ही बताई हैं। उन्होंने संकेत दिया है कि अगर कांग्रेस पार्टी उनकी शर्तों को मान लेती हैं तो अब भी गठबंधन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। दरअसल, पश्चिम बंगाल का राजनीतिक समीकरण थोड़ा पेचीदा है। यहां मुख्य रूप से मैदान में चार पार्टियां हैं। इनमें से तीन पार्टियां वाम दल, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी सैद्धांतिक रूप से भाजपा के खिलाफ हैं। वह किसी भी कीमत पर मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति में भाजपा के साथ नहीं जाएंगी। लेकिन, दूसरी तरफ भाजपा का विरोध करने का यह कतई मतलब नहीं है कि तीनों विरोधी दल एक साथ हैं। राज्य में वाम दलों की सरकार के खिलाफ लंबा संघर्ष कर तृणमूल सत्ता में आई थी।

**पूजा-अर्चना** बैरिकेडिंग हटवाकर ज्ञानवापी मस्जिद स्थित व्यासजी तहखाने में पूजा शुरू करवा दी।

# ढलती रात में ज्ञानवापी से सुनाई दी घंटियों की आवाज और शंखनाद के साथ हुई पूजा

प्रात: किरण/एजेंसी

वाराणसी। बीते तीन दशकों से जहां नमाज पढ़ी जा रही थी वहां अचानक रात्रि दो बजे पूजा अर्चना हुई और घंटियों की आवाज सुनाई देने लगी। जिला अदालत के फैसले के बाद प्रशासन ने ज्ञानवापी मस्जिद स्थित व्यास जी तहखाने में रात दो बजे पूजा पाठ शुरू करवा दिया, जिसके बाद गुरुवार सुबह से ही दर्शनार्थियों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद 24 घंटे के भीतर ही वाराणसी जिला प्रशासन ने बुधवार देर रात बैरिकेडिंग हटवाकर ज्ञानवापी मस्जिद स्थित व्यासजी तहखाने में पूजा शुरू करवा दी। आपको बता दें कि 1991 में तत्कालीन मुलायम सिंह सरकार के आदेश पर व्यासजी के तहखाने में पूजा बंद करवा दी गई थी और वहां लोहे की बैरिकेडिंग कर दी गई थी। जिसके बाद ही हिंदुओं में आक्रोश था। लेकिन लंबी कानूनी लड़ाई के बाद व्यास जी के तहखाने को खोलने और पूजा पाठ करने का आदेश वाराणसी जिला अदालत ने दिया। फैसला आने के 24 घंटे के अंदर ही जिला प्रशासन उसका अनुपालन करवा दिया। इस पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि 1991 में भी मुलायम सरकार ने बिना किसी नोटिस के ही पूजा पर रोक लगा दी थी। अब फैसला आया है तो सरकार ने उसका अनुपालन करवाया है। उधर मुस्लिम पक्ष कोर्ट के फैसले से नाखुश दिखाई दिया. मुस्लिम पक्ष की तरफ से जिला जज के फैसले को आज हाईकोर्ट में चुनौती दी जाएगी। बीती रात लगभग 1:30 बजे जिला प्रशासन ने व्यास जी का तहखाना खुलवाया। उसके बाद करीब दो बजे पहली पूजा की गई। इसके बाद गुरुवार सुबह मंगला आरती भी की गई। पूजा शुरू होने के बाद सुबह से ही दर्शनार्थियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आज सुबह ज्ञानवापी गेट नंबर 4 पर सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद दिखाई दी। बाल शास्त्री व्यवस्था बनाए रखने के लिए यहां पर लगाए गए हैं. इसके साथ ही जो यहां के पुजारी है उनमें काफी उत्साह देखा जा रहा है। उनका कहना है कि 31 साल पहले जो काली चादर थी उसे अब हटा दिया गया है। दर्शनार्थी सबसे पहले तहखाना का दर्शन करके बाबा विश्वनाथ का दर्शनकर रहे हैं।






# 2 फरवरी से आम लोगों के लिए खुलेगा अमृत उद्यान

## फ्री में मिलेगी एंट्री; ऐसे ऑनलाइट बुक करें टिकट

- राष्ट्रपति भवन के अनुसार https://rashtrapatisachivalaya.gov.in या https://rb.nic.in/rbvisit/visit_plan.aspx ऑनलाइन अग्रिम टिकट बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



खूबसूरती और रंगबिरंगे फूलों के लिए प्रसिद्ध राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में 225 साल पुराने शीशम के पेड़ की कहानी भी सुनने को मिलेगी। इसके अलावा बोनसाई के 300 पौधे भी आकर्षण का केंद्र होंगे। आज बृहस्पतिवार को द्रौपदी मुर्मु अमृत उद्यान उत्सव 2024 का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद शुक्रवार यानी दो फरवरी से अमृत उद्यान को आम नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा। खास बात यह है कि मेट्रो से आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए मुफ्त शटल सेवा की केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रपति भवन तक चलाई जाएगी। 50 हजार से ज्यादा लोगों ने बुक की टिकट- इस बार बहुत सारे सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। लोग अमृत उद्यान देखने के लिए ऑनलाइन टिकट पहले से भी बुक कर सकेंगे। राष्ट्रपति भवन की उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने बताया कि 50 हजार से ज्यादा लोगों ने अमृत उद्यान घूमने के लिए पहले ही टिकट बुक कर लिया है। इस बार उद्यान में पर्यटक डबल डिलाइट, सेंटीमेंटल और कृष्णा नाम के गुलाबों को देख सकते हैं। बगीचे के अंदर बाल वाटिका बनाई गई है। ऑनलाइन करें टिकट की बुकिंग नागरिक अपनी सहूलियत और लंबी लाइन से बचने के लिए अमृत उद्यान की टिकट ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। राष्ट्रपति भवन के अनुसार https://rashtrapatisachivalaya.gov.in या https://rb.nic.in/rbvisit/visit_plan.aspx ऑनलाइन अग्रिम टिकट बुकिंग की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त लोग मौके पर पहुंचकर भी टिकट ले सकेंगे। इसके लिए सेल्फ कियोस्क भी लगाए गए हैं। गेट नबंर 35 पर सेल्फ कियोस्क स्थापित किए गए हैं। जहां लोग वहीं पर टिकट ले सकेंगे। टिकट पूरी तरह से निश्शुल्क है। क्या होगी टाइमिंग? सोमवार को बंद रहेगा। मंगलवार से रविवार तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक पर्यटक अवलोकन कर सकेंगे। आखिरी प्रवेश चार बजे तक मिलेगा। राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान के उद्यान उत्सव 2024 आम लोगों के लिए दो फरवरी से खुलेगा। इसका शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज करेंगी। ये उद्यान उत्सव 31 मार्च तक चलेगा। इसमें पहली बार फ्री शटल बस सर्विस केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से अमृत उद्यान तक चलेगी।

# जेल में बंद आप सांसद संजय सिंह की तेज-तर्रार बेटी का वीडियो वायरल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली आबकारी मामले में कथित घोटाले को लेकर जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के फायरब्रांड नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की तेज-तर्रार बेटी इशिता सिंह अपने पिता की तरह जोशीला संबोधन देकर चर्चा में आ गई हैं। इशिता ने बुधवार को एक जनसभा में अपने पिता की चिट्ठी को मंच से पढ़कर सुनाया। उनका संबोधन सुनकर लोग भावुक हो गए। दरअसल, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में बुधवार को आजाद सेवा समिति के वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पहुंचीं इशिता सिंह ने अपने पिता संजय सिंह द्वारा जेल से लिखी गई चिट्ठी को मंच से पढ़कर लोगों को बताया। इस कार्यक्रम में संजय सिंह पत्नी अनीता सिंह, दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय सहित कई आप नेता शामिल हुए। पापा देश के तानाशाहों से लड़ रहे हैं और हर तानाशाह डरपोक और कायर होता है। गांधीजी, भगत सिंह जी, नेहरू जी, लोहिया जी कितने साल जेल में रहें... तो जेल के डर से संजय सिंह रुकने वाला नहीं है। बॉलीवुड फिल्मों में कर चुकी हैं काम- मुंबई में रहने वाली इशिता सिंह बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वह प्रसिद्ध निर्देशक अनुभव सिन्हा की चर्चित फिल्म ह्यमुल्कह्न में काम कर चुकी हैं। इसके साथ ही कई हिंदी-पंजाबी एल्बम में भी नजर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी-खासी फॉलोइंग है। वीडियो हो रहा वायरल- आम आदमी पार्टी की ओर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर किए गए 4 मिनट 17 सेकंड के इस वीडियो में सोशल मीडिया यूजर्स जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोग उनके साहस और अंदाज की खूब सराहना कर रहे हैं। उनका यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो चला है। आप द्वारा 31 जनवरी को दोपहर 2:41 बजे शेयर किए गए वीडियो पर अब तक दस लाख से ज्यादा यूजर्स देख चुके हैं।

# दिल्ली में आज से चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेला शुरू

- दो फरवरी को जीवन शैली आधारित बीमारियों के लिये आयुष विषय पर दो सत्र होंगे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आधुनिक जीवनशैली और रोजमर्रा की आपाधापी में जीवन का मजबूत पहलू स्वास्थ्य पीछे छूट जाता है। ऐसे में लोगों को पारंरिक तरीके से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उपचार के तरीके सुझाने के लिए आयुष मंत्रालय के सहयोग से पूरन चंद गुप्ता स्मारक ट्रस्ट चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन कर रहा है। ग्रेट नंबर-6 से मिलेगी एंट्री- इसकी शुरूआत गुरुवार एक फरवरी को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगी। गेट संख्या छह से प्रवेश किया जा सकेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री आयुष, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय सबार्नंद सोनोवाल होंगे। मेले की शुरूआत सुबह 11 बजे होगी। शाम पांच बजे तक मेला जारी रहेगा। समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुष थीम पर लग रहे मेले में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ज्ञान का साथी बना है। -एक फरवरी के कार्यक्रम का विषय हर दिन हर घर आयुष होगा। इसके जरिये आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्ध, यूनानी, होम्योपैथी और सोवा रिग्पा से साक्ष्य आधारित, विज्ञान सम्मत और आधुनिक प्रौद्योगिकी के लाभों में शामिल कर जन स्वास्थ्य से प्रत्येक नागरिक को लाभांवित किया जाएगा। आयुष क्षेत्र में हो रहे बदलावों को भी शामिल किया जाएगा। दो फरवरी को जीवन शैली आधारित बीमारियों के लिये आयुष विषय पर दो सत्र होंगे। पहले सत्र में परंपरागत चिकित्सा में आधुनिक जीवन शैली से उपजने वाली बीमारियों के उपचार, बचाव व रोकथाम की जानकारी दी जाएगी। दूसरे सत्र में महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर चर्चा होगी। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. सुनीता सोमन बीएचयू, डा. वेद प्रकाश व्यास (एआइआइए), शोभित कुमार रिसर्च आफिसर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संभाग, नीति आयोग, डा. गायत्री भट पीटीएसआर एसडीएम आयुर्वेद महाविद्यालय, हासन कर्नाटक होंगे। तीन फरवरी को दो सत्र होंगे। पहला आयुष आहार पर केंद्रित होगा। तनाव भरी जीवनशैली में आयुष आहार की उपयोगिता, नये आयाम आदि पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन करेंगे। इसमें एनआइए जयपुर के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा, आयुष के आरएमएस विभाग एमसीडी के डॉ. सत्य एन, शेफ मंजीत गिल, अध्यक्ष इंडियन फेडरेशन आफ कालीनरी एसोसिएशन, आनंद कॉर्डिया, निदेशक तकनीकी एवं नवाचार, सुहाना एंड फाउंडर, द इको फाउंडेशन शामिल होंगे। दूसरा सत्र आयुष स्टार्टअप्स और नवाचार का होगा। इसमें इन्वेस्ट इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट आशा त्यागी, जीवा आयुर्वेद के निदेशक मधुसूदन चौहान, इकजोरियल बायोमेड आइएनसी के सीईओ कार्तिकेय बालदवा, बयोटेक्नोलाजी विभाग के हेड स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप एंड इंटरप्न्यूरशिप डेवलपमेंट डॉ. मनीष दीवान, नुस्खा किचन के फाउंडर अपना तिवारी संबोधित करेंगे। चार फरवरी को आयुष में कोस्मेटोलाजी पर विशेष सत्र का आयोजन होगा। इसमें मुख्य वक्ता केशायुर्वेद एवं कायायुर्वेद प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डा. हरीश पाटनकर, ओडीपीजी विभाग में कायाचिकित्सा के प्रो. श्रीकांत बाबू पेरुगू, आयुर्वेद (स्किन) की एमडी डा. सारिका भुजबल, आयुर्वेदिक कास्मेटोलाजी विशेषज्ञ, त्वचा और केश विशेषज्ञ डॉ. कीर्ति देव होंगी।

# बजट 2024 में चार जातियों पर फोकस

- सीतारमण ने संसद में बजट पेश करते हुए बताया कि चार करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यानी एक फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए यह अंतरिम बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चार जातियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। वित्त मंत्री ने संसद में पेश बजट के दौरान कहा कि गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों की आवश्यकताएं, आकांक्षाएं और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गरीबों के लिए सरकारी योजनाएं- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए बताया... हमारी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। 78 लाख स्ट्रीट वेंडर को मदद दी गई है। मत्स्य संपदा योजना से 55 लाख लोगों को नया रोजगार मिला। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ घर बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत अगले 5 साल में ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। सरकार मध्यरमवर्गीय लोगों के लिए भी आवासीय योजना लाएगी। महिलाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में बताया कि पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत सारे कार्य किए गए हैं। पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 70% से अधिक घरों की मालकिन महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि मुद्रा योजना के अंतर्गत महिलाओं को 30 करोड़ रुपये से अधिक ऋण दिए गए हैं। करीब एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। अब हमारी सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। इस योजना से महिलाओं के जीवन में बदलाव और आत्मनिर्भरता आई है। वित्त मंत्री के मुताबिक, हमारी सरकार सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण पर ध्यान देगी। मातृ और शिशु देखरेख की योजनाओं को व्यापक कार्यक्रम के अंतर्गत लागू किया जाएगा। 9-14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर ध्यान दिया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें उनके अधिकार दिलाने के लिए तीन तलाक को गैरकानूनी घोषित किया है। महिलाओं को संसद में आरक्षण देने के लिए कानून लाया गया है। किसानों को सौगात- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश करते हुए बताया कि चार करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है। आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं के लिए भी खुले अवसर-युवाओं को सशक्त बनाने पर भी काम किया है। 3000 नए आईटीआई खोले गए हैं। 54 लाख युवाओं को कौशल योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया है। एशियाई खेलों में भारत के युवाओं को कामयाबी मिली है।

# एकता मिशन की 24वीं स्मारिका का विमोचन केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एकता मिशन की 24वीं स्मारिका का विमोचन केन्द्रीय मंत्री व एकता मिशन की मुख्य संरक्षक स्मृति ईरानी ने किया। इस अवसर पर एकता मिशन की मुख्य संरक्षक डॉ. मनिका खन्ना, मुकेश कपूर, संरक्षक भारत शर्मा, अध्यक्ष डॉ. पवन मोंगा, महामंत्री संजय मलिक, सचिन चोना, उपाध्यक्ष पुनीत भाटिया, जतिन चावला, मंत्री आयुष शर्मा, अभिनव सिंह व अमर अग्रवाल उपस्थित रहे। स्मृति ईरानी ने एकता मिशन की 24वीं स्मारिका का अवलोकन किया व एकता मिशन के कार्यो की प्रशंसा की। स्मृति ईरानी ने एकता मिशन के अध्यक्ष डॉ. पवन मोंगा व एकता मिशन के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं व अपना आशीर्वाद दिया।

# जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में बृहस्पतिवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से बड़ी खबर आई है। इस मामले में ईडी ने लोगों से घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। आज होगी कोर्ट में पेशी-इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी आज ही जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

# आलेख फाउन्डेशन, गोरखनाथ मंदिर ट्रस्ट और बिंट टेक्नोलॉजी ने संजय वन क्षेत्र में ऐतिहासिक राम तालाब पुनरुद्धार परियोजना के लिए की साझेदारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली : आलेख फाउन्डेशन ने गोरखनाथ मंदिर ट्रस्ट और बिंट टेक्नोलॉजी के सहयोग से संजय वन क्षेत्र के कटवारिया सराय में श्री गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थित ऐतिहासिक जल निकाय राम तालाब के पुनरुद्धार एवं रखरखाव के लिए बदलावकारी परियोजना की घोषणा की है। दिल्ली विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में संचालित यह पहल हमारी आर्थिक-सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के सहयोगपूर्ण प्रयासों को दशार्ती है। त्रेता युग में भगवान राम के समय का राम तालाब ऐतिहासिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि श्री गोरखनाथ जी ने खुद स्थानीय ग्रामीणों से इस तालाब की खुदाई के लिए आग्रह किया था। आलेख फाउन्डेशन के संस्थापक एवं प्रबन्ध निदेशक डॉ रीनी जॉय, जिन्हें पर्यावरण के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता है, के मार्गदर्शन में यह परियोजना राम तालाब के पुनरुद्धार की दिशा में उल्लेखनीय है। सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिक धरोहर को सुरक्षित रखने की डॉ जॉय की प्रतिबद्धता ही आलेख फाउन्डेशन के प्रभावशाली प्रयासों को गति प्रदान कर रही है। श्री बीनू कुन्नुमल के नेतृत्व में बिंट टेक्नोलॉजी ऐसी आधुनिक तकनीकें पेश करती है जो जल निकाय के प्रभावी एवं दीर्घकालिक स्थायित्व को सुनिश्चित करती हैं यह साझेदारी परम्परा और आधुनिकता का संयोजन है, जो आधुनिक पर्यावरणी प्रबंधन और ऐतिहासिक श्रद्धा के बीच तालमेल बनाती है। लक्ष्मी मेनन भाटिया, जो 2022 के बाद से इस परियोजना में सक्रिय हैं, ने इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वस्तर पर इंटरनेशनल कॉर्पोरेट एक्जक्टिव के रूप में पर्यावरणी स्थायी गतिविधियों में विशेषज्ञता के साथ वे अपनी टीम के लिए कीमती सम्पत्ति साबित हुई हैं। आलेख फाउन्डेशन को गर्व है कि वे स्ट्रैटेजिक अडवाइजर के रूप में उनके साथ जुड़ी हुई हैं। 21 जनवरी 2024 को शुरू हुई यह परियोजना संयोगवश 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के पावन उद्घाटन के मौके पर शुरू हुई है। डीडीए द्वारा अनिवार्य की गई परियोजना के रूप में राम तालाब का पुनरुद्धार और रखरखाव ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण एवं पर्यावरण उत्तरदायित्व के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हम आपको आमंत्रित करते हैं कि इस ऐतिहासिक प्रयास में हमारे साथ शामिल हों। आलेख फाउन्डेशन के संस्थापक डॉ रीनी जॉय ने कहा, आलेख फाउन्डेशन राम तालाब पुनरुद्धार परियोजना के दूसरे चरण में है, जो राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर शुरू किया गया है। गोरखनाथ मंदिर के आशीर्वाद और और बिंट टेकनोलॉजी के साथ हम पर्यावरणी संतुलन बनाने में योगदान देना चाहते हैं। जल एक बुनियादी आवश्यकता है, हम भावी पीढ़ियों के लिए स्थायी रखरखाव हेतु प्रयासरत हैं। लक्ष्मी एम भाटिया, स्ट्रैटेजिक अडवाइजर ने कहा, प्राचीन राम तालाब जल एवं हमारी संस्कृति दोनों का प्रतीक है, जो विभिन्न रूपों में प्रकृति के महत्व को सम्मानित करता है। हमें खुशी है कि हम अपने सक्षम साझेदारों आलेख फाउन्डेशन, बिंट बायोटेक तथा गुरू गोरखनाथ मंदिर ट्रस्ट एवं ग्रेट गुरू परम्परा के साथ मिलकर राम तालाब पुनरुद्धार योजना के दूसरे चरण की शुरूआत कर रहे हैं। नंदिनी नामोपूथिरी- यूथ वर्टिकल हैड- आलेख फाउन्डेशन ने कहा, ह्यभावी पीढ़ियों को पर्यावरणी असंतुलन का सामना करना पड़ सकता है अगर पानी को सुरक्षित और साफ न रखा जाए। अपने एक पोस्ट में ऑडेन ने कहा था हजारों लोग प्यार के बिना जीवित रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना नहीं। ऐसे में हमें जल संरक्षण दिशा में प्रयास करने होंगे और राम तालाब जैसे जल निकायों के पुनरुद्धार पर काम करना होगा।

# खुशखबरी! एमसीडी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

## दिल्ली सरकार ने सैलरी के लिए जारी किए 803 करोड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार ने एमसीडी के लिए 803.69 करोड़ रुपये की तीसरी किस्त जारी की है। वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर तीसरी किश्त जारी करने को मंजूरी दी गई है। इससे एमसीडी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलता रहेगा। एमसीडी को दी जाने वाली राशि बढ़ रही हर साल-दिल्ली सरकार का कहना है कि एमसीडी को दी जाने वाली राशि प्रतिवर्ष बढ़ रही है। वर्ष 2014-15 की तुलना में 2023-24 में 309 प्रतिशत राशि बढ़ी है। वर्ष 2014-15 में 854.5 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 2642.47 करोड़ रुपये दिए गए हैं। सरकार इसके अतिरिक्त कई अन्य मदों में भी एमसीडी को राशि मुहैया कराती रही है। दिल्ली को मिलेगी बेहतर सेवाएं- वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि एमसीडी के सफाई कर्मचारियों, पैरा-मेडिकल स्टाफ, डाक्टरों आदि को समय से वेतन का भुगतान होगा। सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में एमसीडी को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दिल्ली के नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# भ्रष्टाचार की आग, सवालों की लपटें: जिम्मेदारों पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई?

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दक्षिणी दिल्ली के बदरपुर इलाके में अवैध रूप से गैस सिलेंडर रीफिलिंग के दौरान सिलेंडर में आग लग गई और एक के बाद एक 20 सिलेंडर फटे। इससे सिलेंडर रीफिलिंग की दुकान और उसके ऊपर के तलों पर आग लग गई। गनीमत रही कि इस घनी आबादी वाले इलाके में इस मकान में या आसपास कोई नहीं था, अन्यथा कई जानें जा सकती थीं। यह घटना दिल्ली के बदरपुर इलाके की अवश्य है, लेकिन अवैध रूप से ऐसी अनेक खतरनाक कामकाज से जुड़ी दुकानें या औद्योगिक इकाइयां राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शहरों में रिहायशी इलाकों में धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। सवाल ये उठता है कि संबंधित सरकारी एजेंसियां इसपर रोक क्यों नहीं लगा पा रही हैं? कभी भी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? अवैध रूप से चल रहे ऐसी खतरनाक दुकानों या औद्योगिक इकाइयों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए क्या किए जाने चाहिए ठोस उपाय? इसी की पड़ताल करना हमारा आज का मुद्दा है। क्या आप मानते हैं कि एनसीआर के रिहायशी इलाकों में खतरनाक वस्तुओं से जुड़ी दुकानें या औद्योगिक इकाइयां बड़े पैमाने पर संचालित हो रही हैं? हां :98 नहीं : 2। क्या एनसीआर के रिहायशी इलाकों में खतरनाक वस्तुओं से जुड़ी दुकानें या औद्योगिक इकाइयां संचालित होने के पीछे मुख्य वजह भ्रष्टाचार है? हां : 94 नहीं : 6। कार्रवाई सुनिश्चित करने को बनानी होगी टास्क फोर्स- दिल्ली में रिहायशी इलाकों में आज से नहीं कई दशकों से व्यावसायिक गतिविधिया चल रही हैं। इसमें गैस रीफिलिंग से लेकर, चप्पल बनाने, मालाएं बनाने, जींस रंगाई, दरवाजे बनाने जैसे कई कार्य होते हैं। जो कि भूजल के प्रदूषण के साथ ही पर्यावरण के प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं। इन फैक्ट्रियों में आग की घटनाएं होने के चलते इन्हें रिहायशी इलाकों से स्थानांतरित करने की योजना पर काफी समय से काम चल रहा है। इसमें संसाधनों के अभाव कहें या फिर इच्छा शक्ति की कमी के चलते अभी इस लक्ष्य को दिल्ली में हासिल नहीं किया जा सका। अनधिकृत कॉलोनियां हैं बड़ी मुसीबत- खास तौर पर दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों में ऐसे-ऐसे व्यावसायिक गतिविधियां हो रही हैं जिनमें आग लगने या फिर कोई आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर भारी दुर्घटनाएं होती रही हैं। अनधिकृत कॉलोनियों में जब कोई घटना होती है तो बचाव दल को भी पहुंचने में दिक्कत होती है। इसलिए मास्टर प्लान में ऐसी गतिविधियों के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में ही करने का प्रविधान किया गया है। ऐसा नहीं कि रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को रोकने के लिए कोई कार्य नहीं हुए हैं। कार्य होते हैं, लेकिन कई बार दिल्ली नगर निगम को यह समस्या होती है कि तय समय पर पुलिस बल नहीं मिल पाता है। या फिर कर्मी नहीं होते हैं। यह जरूर है कि कुछ बिचौलियों निगम की कार्रवाई की सूचना पाकर निगम द्वारा औचक की जाने वाली कार्रवाई को असफल करने के लिए भी कुछ लोग कार्य करते हैं।

# शख्स को चाकू से वार कर किया घायल



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बाहरी दिल्ली के सुभाष प्लेस इलाके में आपसी झगड़े में चाकू से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि बीते सोमवार को सुभाष प्लेस थाने को एक महिला ने कॉल कर बताया कि कुछ आरोपियों ने उसके भाई की जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित को रोहिणी के बीएसए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित की पहचान रोहिणी के जेजे कॉलोनी निवासी पंकज (22) के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने बुधवार को अपनी बहन आशा के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया। पीड़ित ने बताया कि बीते साल 11 अक्टूबर को अनस उर्फ राहुल और उसका दोस्त हर्षी ने उसके भाई पीयूष की आंख पर हमला कर दिया, जिस कारण उसकी रोशनी चली गई। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ बुध विहार थाने में केस दर्ज कराया गया। आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर लगा दी आग इसके बाद आरोपियों ने उस पर केस रफा-दफा करने का दबाव बनाया। जब वह नहीं माना तो आरोपियों ने पीड़ित के घर में आग लगा दी। इस मामले में भी पुलिस से शिकायत की गई। पीड़ित ने आरोपियों की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान इसका विरोध किया। इसके बाद अनस ने कुछ लड़कों को धमकाने के लिए भेजा। इस दौरान ही पंकज पर चाकू से हमला कर दिया गया।

# रिपोर्ट में खुलासा- गणतंत्र दिवस पर भीड़ नहीं संभाल पाई दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




कुछ दिन पहले भगत सिंह क्लब के सदस्यों ने संसद में घुसकर दिल्ली पुलिस की सुरक्षा की पोल खोल दी थी। अब गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पुलिस की एक और नाकामी सामने आई है। इस राष्ट्रीय उत्सव के दौरान भी पुलिस भीड़ को नहीं संभाल पाई। स्थानीय पुलिस ने दो मार्ग बंद कर दिए तो हालत और ज्यादा खराब हो गए। नतीजतन स्थानीय व ट्रैफिक पुलिस आमने-सामने आ गईं। बेकाबू हुए लोगों ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी। भीड़ को नहीं संभाल पाने के कारण देश के राष्ट्रपति के समधी समेत कई वीआईपी को मानसिंह मार्ग से समारोह स्थल तक पैदल जाना पड़ा। इसका खुलासा दिल्ली पुलिस द्वारा केंद्रीय गृहमंत्रालय को भेजी रिपोर्ट में हुआ है। गृहमंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस में शामिल होने के लिए काफी लोग आए थे। भीड़ को देखकर स्थानीय पुलिस ने कर्तव्यपथ स्थित समारोह की ओर जाने वाले मानसिंह मार्ग और मौलाना आजाद रोड को बेरिकेड लगाकर बंद कर दिया। इससे काफी संख्या में लोग बेरिकेड के पास एकत्रित हो गए और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने काफी देर तक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। दोनों मार्ग करीब 45-55 मिनट बंद रहे। इस कारण दोनों ही मार्गों में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने दोनों मार्ग सुबह 8.31 बजे बंद कर दिए थे। इन दोनों की मार्गों को 9.16 बजे खोला गया। मार्गों को बंद करने के कारण स्थानीय पुलिस और नई दिल्ली जिले की ट्रैफिक पुलिस में कई बार नोंक-झोक हो गई। ट्रैफिक पुलिस ने स्थानीय लोग से झगड़ा कर दोनों की मार्गों को खुलवाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गांव चलो अभियान के तहत बैठक सम्पन



आरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्धारित गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत अगिआंव विधान सभा के नोन्उर मंडल की कार्यशाला का आयोजन नारायणपुर बाजार पर किया गया बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह और संचालन महामंत्री हरि शंकर सिंह ने किया मुख्य अतिथि के रुप मे भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के जिला मंत्री बिनय बेलाऊर और विसिष्ट अतिथि अगिआंव विधान सभा विस्तारक उमेश शाह उपस्थित थे। बैठक मे गांव चलो अभियान के तहत हर बूथ से प्रवासियो का नाम और तिथि तये किया गया ये प्रवासी गांव गांव जाकर केंद्र सरकार की योजनायो से लोगो को अवगत कराएंगे और अपने वरिष्ठ कार्यकताओं से मिलेंगे। उपस्थित लोगो मे मंडल महामंत्री हरेराम राय युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश कुमार यादव मुना सिंह सोनू सिंह दूधनाथ शाह हिमांशु हिर बजरंगी राय रंजीत कुमार नरेन्द्र कुमार सिंह सुनील कुमार विनोद कुमार अन्य गण्यमान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ठंड के प्रकोप से बुजुर्गो और बच्चों को बचाना अति आवश्यक : विकास सिंह



कैमूर। कैमूर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी भभुआ प्रखंड के मिव गांव के सुरेंद्र रजक की माता जी का अचानक ठण्ड लग जाने तबियत खराब हो गया गाँव गांव के लोग सदर अस्पताल भभुआ लेकर पहुंचे ! !सूचना मिलते ही सदर अस्पताल भभुआ पहुँचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया की कैमूर में काफी ठंड है जिससे बुजुर्गो काफी परेशानी हो रही है अचानक ठंड लग जाने से मिव गांव के सुरेंद्र रजक की माता जी का तबीयत खराब हो गई जिनको बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के लिए रेफर कराया गया परिवार को हर तरह से सहयोग किया जाएगा जिप सदस्य विकास सिंह ने जनता से अपील किया ठंड के प्रकोप से वृद्ध और बच्चों को बचाना अति आवश्यक है सुबह शाम काफी ठंड बढ़ जा रही है जिससे बचने की जरुरत है वही मौके पर राजवंश कुशवाहा, पिंटू कुमार, नंदकिशोर सिंह,शाहित काफी संख्या में लोग थे।

### सड़क निर्माण कार्य शुरू होते हीं महुअरी के लोगों में खुशी की लहर

काराकाट(रोहतास):काराकाट प्रखंड के काराकाट पंचायत अंतर्गत महुअरी गांव में सड़क निर्माण कार्य शुरू होते हीं लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब हो कि आजादी के बाद से इस गांव के लोगों को सड़क नसीब नहीं था। जिसके कारण यहां के लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस गांव के बच्चे बच्ची महिलाएं बुजुर्ग को गांव से निकलकर मुख्य पथ तक आने में बहुत हीं कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यदि कोई व्यक्ति बीमार पड़ता था तो उसे गांव से हॉस्पिटल ले जाने के लिए कोई साधन नहीं होने के कारण लोगों को खटिया का सहारा लेना पड़ता था। इस गांव के लोग हर वक्त कहां करते थे कि पता नहीं मेरा गांव ने क्या बिगाड़ा है कि आज तक ना प्रधानमंत्री सड़क योजना यहां पहुंचा और नहीं मुख्यमंत्री सड़क योजना पहुंचा। जो भी जनप्रतिनिधि जीतते थे, वह केवल आश्वासन देकर के हीं चले जाते थे। किसी ने आज तक कोई पहल नहीं किया। स्थानीय सांसद महाबली से जब ग्रामीणों ने मांग किया तो उन्होंने जो आश्वासन दिया था और उसे पूरा कर दिखाया।

### केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट पेश कर दिया

आरा। लोकसभा चुनाव से पहले पेश हुए इस अंतरिम बजट पर राजद के भोजपुर जिला प्रवक्ता आलोक रंजन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा की इस बजट में मध्यम और गरीब वर्ग के लिए कुछ नहीं था। चिंता वाली बात यह है कि पिछले वित्तीय वर्ष, जो 31 मार्च 2024 को खत्म होगा वो 18 लाख करोड़ रुपये का बजटीय घाटा है। एक तरफ सरकार कहती है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लेकर गए हैं वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना पड़ रहा है। आलोक ने कहा कि जब 80 करोड़ लोगों को खाने के लिए राशन देना पड़ रहा है तो गरीबी रेखा से कौन और कहां गए हैं। सरकार के दावों में काफी विरोधाभास है। बजट में गरीबों, महिलाओं और युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। इस बजट ने आम लोगों की उम्मीदों पर ठंडा पानी डालने का काम किया है।

# रेलवे में बड़े पैमाने पर बहाली की मांग पर इंकलाबी नौजवान सभा ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। रेलवे में कम बहाली के खिलाफ चल रहा छात्रों का आंदोलन आज भोजपुर भी पहुंच गया।आज इंकलाबी नौजवान सभा ने केंद्र सरकार के खिलाफ 6 साल बाद रेलवे में लाखों पद खाली होने के बावजूद मात्र 5696 पदों के लिए निकले वेकेंसी से नाराजगी जताते हुए आरा पूर्वी गुमटी से प्रतिवाद मार्च निकाल कर स्टेशन परिसर मे किया प्रतिवाद सभा।




इंकलाबी नौजवान सभा राज्य सचिव शिव प्रकाश रंजन ने कहा की 2019 के बाद 6 साल पर रेलवे में महज 5696 पदों पर भर्ती निकालना नौकरी का सपना देख रहे लाखों अभ्यर्थियों के साथ भद्दा मजाक है। मोदी सरकार ने राज्य सभा मे कहा की रेलवे मे 2 लाख 63 हजार पद खाली हैं उसमे मात्र 5 हजार बहाली लाना सरकार का रोजगार विरोधी चरित्र उजागर हुई हैं। मोदी सरकार एक बार फिर छात्रों को निराशा किया हैं जिसके कारण अलग अलग जगहो पर छात्रों का आंदोलन हो रहे हैं। छात्रों की मांगें मानने के बजाय केंद्र सरकार पुलिस दमन का सहारा लेकर छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध को दबाना चाहती है। रोजगार मांग रहे छात्रों को लाठी मिल रही है।

जिला अध्यक्ष निरंजन केशरी ने कहा की मोदी सरकार छात्रों को रोजगार के बदले तलवार और नफरत बांट रही है। मोदी राज में निजीकरण को बढ़ावा देकर सरकारी नौकरी और आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है। हमलोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और सीटें बढ़ने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।आगे उन्होंने छात्रों को रोजगार बचाने के लिए मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकाने का आह्वान किया।

प्रतिवाद मार्च मे शामिल लोगो में इंसाफ मंच राज्य सचिव क्यामुदीन अंसारी, नगर सचिव दिलराज प्रितम, आइलाज नेता अमित कुमार बंटी, माले नेता अजय कुमार गांधी, अभय कुशवाहा आरवाईए राज्य कमिटी सदस्य राजू राम, अखिलेश गुप्ता, अप्पू यादव, अमित यादव, पंकज कुशवाहा, मनीष यादव, कमलेश कुमार, धनंजय कुमार, राहुल गुप्ता, विशाल कुमार, उपेंद्र कुमार, रितेश कुमार सोनू कुमार, संजीत कुमार थे। प्रतिवाद मार्च का संचालन आरवाईए प्रखण्ड सचिव विशाल कुमार ने किया।

## गरीबों के बीच किया गया कंबल वितरण

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले के कारनामेपुर थाने को नया भवन मिल गया। एक समारोह में एसपी प्रमोद कुमार ने नए भवन में ओपी का शुभारंभ किया। सालों बाद मॉडल भवन मिलने से पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। एसपी ने कहा कि 1960 में पिकेट के रूप में स्थापित करनामेपुर ओपी आज मॉडल थाना बन गया। यह गौरव की बात है। एसपी ने कहा कि क्राइम कंट्रोल को पुलिस की 112 नंबर गाड़ी उपलब्ध रहेगी। सूचना के 20 मिनट पर पहुंच जाएगी और मामले का निपटरा करेगी। थाना स्टाफ को ऑफिस के साथ-साथ आवास की भी सुविधा मिलेगी। बेहतर पुलिसिंग करने में मदद मिलेगी। ये थाना पिछले कई वर्षो से किराए के मकान में चल रहा था। जिसके कारण पुलिसकर्मियों को काम निपटाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता था।

एसपी प्रमोद कुमार ने कहा कि लोगों को भी थाने में किसी काम के सिलसिले में जाने पर परेशानी का सामना करना पड़ता था। वहीं, नए भवन में थाने के शिफ्ट होने से काम करने में पुलिसकर्मियों को सहूलियत मिलेगी। वहीं, इसके उद्घाटन के बाद एसपी ने पुलिसकर्मियों को जनता के कार्यो को अच्छे से निपटने की बात कही ताकि पुलिस का पब्लिक के साथ बेहतर समन्वय हो सके। इस अवसर पर गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरण किया।

## बिहार में नीतीश कुमार को एनडीए गठबंधन मे आने से चौतरफा विकास होगी : आशुतोष सिंह



सासाराम। राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह) प्रदेश उपाध्यक्ष बिहार आशुतोष सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए गठबंधन में आए हैं उनको राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बहुत-बहुत स्वागत और खुशी जाहिर करता है राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित दादा पवार उप मुख्यमंत्री महाराष्ट्र ने भि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे कार्यो को,भारत में विकास के कामों को देखते हुए एनडीए गठबंधन में शामिल हुए थे,उसी तरह हमारे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे कार्यो को देखते हुए एनडीए मे शामिल हुए हैं,इस पर बिहार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बहुत-बहुत बधाई शुभकामना देते हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को कि वह कांग्रेस राजद महागठबंधन के जंगल राज से अलग हुये है,जब से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महागठबंधन राजद कांग्रेस गठबंधन में गए हुए थे बिहार में चारों तरफ अपराधियों का राज जंगल राज आ चुका था,विकास भी अवरोध हो चुका था,अब जाकर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने अच्छा फैसला लिया है,बिहार के विकास के लिए एनडीए गठबंधन में शामिल हुए आशुतोष सिंह मुख्य प्रवक्ता बिहार प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने कहा कि कांग्रेस राजद गठबंधन के मतलब ही होता है।

## नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन

आरा। उदवंत नगर प्रखंड के कारी साथ ग्राम में नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन हो रहा है जो दिनांक 30 जनवरी 2024 से 7 फरवरी 2024 तक चलेगा कारी साथ शिव देवी हनुमत धाम का प्राण प्रतिष्ठा 7 फरवरी 2022 को हुआ था अबकी बार 7 फरवरी 2024 को दूसरा वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है इसमें नवदिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया है जो गोरखपुर के कथा वाचिकका लक्ष्मी मिश्रा जी के द्वारा कहा जा रहा है जो 30 जनवरी से शुरू हो गया है 30 जनवरी और 31 जनवरी को शिव कथा का बिस्तर रूप में बताया गया ।आज 1 फरवरी को राम कथा कहा जा रहा है और आज ही राम जी का जन्म हुआ है गांव के तमाम माताएं बहने और हमारे भाइयों द्वारा यह कथा श्रवण किया जा रहा है जो की सैकड़ो लोग प्रेम से कथा सुन रहे हैं।

## दंडाधिकारी के मनमानी से पहले पाली में छात्रा कंचन परीक्षा से हुई वंचित

प्रात : किरण संवाददाता



- निर्धारित समय से छात्रा परीक्षा केंद्र पर पहुंची थी
- दूसरी पाली में निर्धारित समय के बाद भी परीक्षार्थी केंद्र में जाते रहें

बिक्रमगंज (रोहतास) जिला क्षेत्र में गुरुवार को पहले दिन इंटर की परीक्षा प्रारंभ होते ही परीक्षा पर तैनात दंडाधिकारी द्वारा छात्रा परीक्षार्थी के साथ भेदभाव का मामला सामने आया है। जहां 1 फरवरी से दो पालियों में संचालित इंटर परीक्षा के पहली पाली में बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र स्थित परीक्षा केंद्र नागेंद्र झा महिला कॉलेज पर तैनात दंडाधिकारी स्वेता कुमारी व ज्योति कुमारी सहित एसआई अनंता कुमारी की लापरवाही से एक छात्रा परीक्षार्थी से वंचित रह गई। इस संबंध में रोती बिलखती छात्रा कंचन कुमारी ने बताया कि वह परीक्षा केंद्र के पुराने गेट से अनजान होकर सुबह 8:55 बजे वह परीक्षा केंद्र के पुराने गेट पर खड़ी हो अंदर जाने का दंडाधिकारी सहित केंद्राधीक्षक मनोज कुमार से करीब 15 मिनट तक आग्रह करती रही। लेकिन कुछ समय बीतने के बाद उनके द्वारा दूसरे प्रवेश गेट से आने का सलाह दिया। जिस सूचना के बाद छात्रा आनन फानन में लंबी दूर तय कर परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार तक पहुंचने में उसे 8 मिनट विलंब हो गई। इसके बाद उसे परीक्षा केंद्र में दंडाधिकारी और केंद्राधीक्षक द्वारा प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि छात्रा कड़ी मशकत के बाद परीक्षा केंद्र की दीवार को फांद केंद्र में प्रवेश जरूर कर गई थी। लेकिन उसे परीक्षा केंद्र प्रशासन द्वारा अभद्र भाषा के जलील करते हुए बाहर निकल दिया गया। इस संबंध कंचन ने बिक्रमगंज अनुमंडल प्रभारी एसडीएम से मोबाइल पर मीडिया के समक्ष परीक्षा देने की गुहार लगाती रहीं लेकिन एसडीएम ने उसकी गुहार सुनने से सबने इंकार करते हुए उसे ही गलती ठहराया। दूसरी तरफ मीडिया से मोबाइल द्वारा बात करते हुए एसडीएम ने उस परीक्षा केंद्र पर तैनात प्रशासनिक पदाधिकारियों के प्रति जांच कर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है।

**दूसरी पाली में निर्धारित समय के बाद भी हुई इंट्री :** ज्ञात हों कि उसी केंद्र पर दूसरी पाली में उसी परीक्षा केंद्र पर निर्धारित प्रवेश की समय दोपहर 1:30 बजे से लेकर 1:47 बजे तक दंडाधिकारी परीक्षा केंद्र के अंदर छात्राओं को इंट्री कराती रही। हालांकि बहुत छात्राएं कुछ मिनट लेट होने के कारण परीक्षा केंद्र पर पहुंची तो प्रवेश गेट बंद हो चुकी थी। इसके बाद उसने परीक्षा केंद्र की दीवार फांद कर केंद्र के अंदर प्रवेश किया। लेकिन उन सभी छात्रा परीक्षार्थियों के साथ भी परीक्षा केंद्र के अंदर दंडाधिकारी ने अभद्र व्यवहार किया।

## एमडीजे विद्यालय के छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी सोनवर्षा में आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर सोनवर्षा पुलिस स्टेशन इंचार्ज निशा रानी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहकर रैली को सफल बनाने में सहयोग करने का काम किया। रैली में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण कतारबद्ध रूप से सड़क के किनारे चलते हुए सड़क सुरक्षा का स्लोगन लिखे हुए तख्तियां लेकर एवं नारा लगाते हुए लोगों को यातायात के नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक करने का काम किए।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह ने बताया कि पूरे देश में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है और इसी अभियान के अंतर्गत एमडीजे पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा यह सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। आजकल सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और इन्हीं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है। मैं उन तमाम अभिभावकों, वरिष्ठ नागरिकों, बुद्धिजीवियों और क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील करूंगा कि आप नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने दें और आप भी दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। गाड़ी को नियंत्रित गति में ही चलाएं तथा गाड़ी चलाते समय मोबाइल से बात ना करें। हम सब जब तक सचेत नहीं होंगे तब तक सड़क दुर्घटनाओं को रोकना मुमकिन नहीं होगा। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार हमारे विद्यालय के बच्चों ने लोगों को यातायात के नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक करने का काम किया इसका प्रभाव निश्चित रूप से लोगों पर अवश्य पड़ेगा एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी भी आएगी। अंत में मैं बस इतना ही कहूंगा कि यह जीवन अनमोल है सड़क सुरक्षा के प्रति आप सदैव जागरूक रहें एवं दूसरों को भी जागरूक करने का काम करें। रैली का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार एवं फिजिकल टीचर चंदन कुमार ने सड़क सुरक्षा के नारों से जागरूक करने का काम किये। रैली के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य ए के घोष एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई एवं सभी ने लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का काम किए।

**बच्चों के हाथ में नारे लिखी हुई तख्तियां**

- वाहन नियंत्रित गति में चलाएं, जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं !
- जो तेज गति से वाहन चलाएगा, वह शीघ्र ही मौत को गले लगाएगा !
- दुर्घटना से रखना है दूरी, तो यातायात के नियमों का पालन करें जरूरी।
- नशे में गाड़ी जो चलाएगा, वह दुर्घटना इनाम में पायेगा !
- सबको हमें बतलाना है, सड़क सुरक्षा अपनाना है !
- सड़क सुरक्षा का रखो ध्यान, ट्रैफिक नियमों का करो सम्मान !
- सड़क सुरक्षा अपनाएंगे, जीवन सुरक्षित बनाएंगे !
- नहीं चलेगा कोई बहाना, सड़क सुरक्षा को है अपनाना !

जैसे सैकड़ो नारों से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने का काम किया गया।

## भाजपा ने बजट को संतुलित, सबका साथ,सबका विकास,भविष्य की गारंटी विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करनेवाला : जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

आराः केन्द्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद मे पेश की गई अंतरिम बजट पर भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के नेताओं और कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त की। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने अंतरिम वजट को सबका साथ,सबका विकास वाली वजट बताते हुए कहा कि यह वजट विकसित भारत के चार स्तंभ गरीबो,महिलाओं, युवायो और किसानो के लिए कल्याणकारी वजट है।इस वजट मे गरीबो के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले वर्ष तक 3 करोड़ घरो मे मकान बनाने का लक्ष्य है। महिलाओं के लिए लखपति दीदी की संख्या बढाने की बात है।आयुष्मान योजना से जीविका दीदी और आशा कार्यकताओ को जोड़ने की बात है। युवायो के लिए स्टार्टअप योजना को एक वर्ष के लिए बढा दिया गया। उन्हे स्किल डेवलपमेंट से आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके साथ किसानो के लिए नैनो खाद ,पशुपालन,मत्स्य पालन पर जोर दिया गया है।उनके आमदनी को बढाने और खर्चो को कम करने की योजना सरकार के पास है।यह बजट पूर्ण रूप से संतुलित बजट है।

वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष सह पटना महानगर जिला प्रभारी प्रेम रंजन चतुर्वेदी ने बजट को भविष्य की गारंटी बताते हुए कहा कहा कि यह बजट अंतरिम बजट है,लेकिन बजट के माध्यम से मोदी सरकार की पूर्ण गारंटी है। इसमे मध्यम वर्ग,करदाताओं, व्यापारियों सहित सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है। सभी के लिए गारंटी है।

वहीं मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह ने अंतरिम बजट को विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करनेवाला वाला बजट बताया गया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 2047 तक देश को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को इस बजट से बल मिलेगा। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह,आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,भाजपा नेता सूर्यभान सिंह,ई.धीरेन्द्र सिंह सहित सभी नेताओं ने बजट का सराहना करते हुए सभी वर्गो के लिए सर्वमान्य बताया। सभी ने बजट को गरीब कल्याणकारी, किसानो के हितकारी,युवायो के रोजगारपरक और महिलाओं के सशक्तिकरण वाला बताया। एक वर्ष मे एक करोड़ घरो मे सोलर लाईट,हर घर पानी,हर घर बिजली के साथ ऊर्जा मे आत्मनिर्भर देश बनकर अर्थव्यवस्था के मजबुती के साथ विकसित भारत बनने की गारंटी वाला बजट है।

बजट का सराहना करने मे पूर्व विधायक मुनी देवी, मिथिलेश कुशवाहा, सीडी शर्मा, कौशल विद्यार्थी,हरेन्द्र पांडेय,अशोक शर्मा,शंभु चौरसिया,ई.धीरेन्द्र सिंह,उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी,कौशल यादव,प्रेम पंकज ललन,अमरेन्द्र शक्रवार, शेलेश कुमार गुड्डू,संजय सिंह, रवि कुमार,हरेराम चंद्रवंशी, हरेन्द्र कुमार सहित सभी मंडल,मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग पदाधिकारी और कार्यकर्ता आदि थे।

## सीआरपीएफ जवान का शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम, 10 मार्च को थी शादी

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान रौशन कुमार की आत्महत्या की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया था। जिसका शव गुरुवार को शाम गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले में मंगलवार 30 जनवरी को सीआरपीएफ के जवान ने आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपने साथी जवान के सर्विस राइफल से खुद को गोली मारी लिया था। जो जवान का नाम रौशन कुमार बताया गया, जो सीआरपीएफ 150 बटालियन में पदस्थापित था। लेकिन आत्महत्या के कारण का पता अभी नहीं चल सका है। दूसरी तरफ 30 जनवरी को सीआरपीएफ के मौत की घटना की सूचना सीआरपीएफ बटालियन द्वारा परिजनों को दे दी गई थी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि लक्ष्मणपुर गांव हरिचंद्र साह का बेटा रौशन कुमार सत्र 2021 से सीआरपीएफ में तैनात था। जिसके परिवार में एक बहन और तीन भाई में वह सबसे बड़ा बेटा था। जो परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। वही बड़े बेटे की अचानक मौत से पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। दूसरी तरफ मृतक जवान के चेचेरे भाई ने बताया कि मंगलवार को भईया का मम्मी एवं छोटे भाई से बात हुई थी। लेकिन देर शाम घटना के संबंध में फोन आया।

**मृतक जवान की 10 मार्च को थी शादी:** परिजनों ने बताया कि रौशन कुमार की शादी ठीक हो गई थी। अगले माह 6 मार्च को तिलक था और फिर 10 मार्च को शादी होनी थी। सीआरपीएफ जवान द्वारा गांव में नया घर बनाया गया था, जिसका गृहप्रवेश भी 6 मार्च को होना तय था। घर में उत्सव की तैयारी चल रही थी, इस बीच मौत की खबर से खुशियां मातम में बदली।

**47 बटालियन सीआरपीएफ के सलामी बाद हुआ अंतिम संस्कार :** मृतक जवान के गांव स्थित दाह संस्कार स्थान पर सीआरपीएफ जवान को 47 सीआरपीएफ बटालियन कोइलवर जवानों के द्वारा सलामी दिया गया। इसके बाद उनके छोटे भाई के द्वारा अग्नि का मुखाग्नि देकर सीआरपीएफ जवान का अंतिम संस्कार किया गया। जिसके दाह संस्कार के समय हजारों लोगों ने की आंखे नम हो गई। वही जवान से दाह संस्कार से पूर्व उनकी एक झलक पाने के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

## विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए राज्यों को दिया जाएगा ब्याज मुक्त ऋण : राजेश्वर राज

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास): केंद्र सरकार के प्रस्तुत बजट पर लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। एनडीए के नेताओं ने इसे विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट बताया है, वहीं इंडिया गठबंधन के नेताओं ने इसे केवल चुनावी बजट करार दिया है। भाजपा नेता पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत सपने को साकार करने वाला बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब ये चारों मजबूत स्तंभ है। आज मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान हमारी ताकत बन चुके हैं। सरकार ने देश भर में तीर्थो और ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर बल दिया है। इससे अब भारत में तीर्थ यात्रा आसान हुई है। वहीं दुनिया भी भारत में हेरिटेज टूरिज्म को लेकर आकर्षित हो रही है। आतंकवाद हो या विस्तारवाद... हमारी सेनाएं आज 'जैसे को तैसा' की नीति के साथ जवाब दे रही हैं। सरकार ने उनकी भी सुध ली है, जो अब तक विकास की धारा से दूर रहे हैं। ऐसे हजारों आदिवासी गांव हैं, जहां बीते 10 वर्षो में पहली बार बिजली और सड़क पहुंची है। लाखों आदिवासी परिवारों को अब जाकर पाइप से शुद्ध पानी मिलना शुरू हुआ है। मेरी सरकार का प्रयास रहा है कि सामान्य देशवासी की जेब में अधिक से अधिक बचत कैसे हो। पहले भारत में 2 लाख रुपये की आय पर टैक्स लग जाता था। आज भारत में 7 लाख रुपये तक की आय पर भी टैक्स नहीं लगता। पिछले 10 वर्षो में भारत ने राष्ट्रहित में ऐसे अनेक कार्यो को पूरा होते हुए देखा है, जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी, आज यह सच हो चुकी है। हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

## धान अधिप्राप्ति जन वितरण प्रणाली समीक्षात्मक बैठक संपन्न



कैमूर । खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के सचिव सरवन कुमार के द्वारा सरकार की धान अधिप्राप्ति (2023-2024) जन वितरण की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुआ।

सचिव सरवन ने धान अधिप्राप्ति के 48 घंटे के अंदर किसानों का उनके खाते में राशि हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उटफ अधिप्राप्ति के 24 घंटे के अंदर राशि पैक्स को हस्तांतरित करने का निर्देश DMSFC को दिया और कहा कि धान अधिप्राप्ति हेतु निर्धारित तिथि 15.02.2024 तक ज्यादा से ज्यादा किसानों के धान अधिप्राप्त करने एवं अधिक से अधिक CMR SFC को उपलब्ध कराने का निर्देश DCO को दिया। उन्होंने ऊ्टरत्र्ठ को निदेश दिया कि पैक्सों से प्राप्त उटफको जाँच उपरांत आवश्यकता अनुसार TPDS में भेजा जाए।कैमूर से उटफकी खेप को रोहतास स्थित चिन्हित गोदाम में रखे जाने हेतु ले जाने पर रोहतास जिला प्रशासन के माध्यम से रोहतास टोल प्लाजा के आगे नो एंट्री कर दिए जाने की शिकायत की गई।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर निकली जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी सोनवर्षा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ नंद कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर सोनवर्षा ओपी प्रभारी निशा रानी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रही।रैली में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण कतारबद्ध रूप से सड़क के किनारे चलते हुए सड़क सुरक्षा का स्लोगन लिखे हुए तख्तियां लेकर एवं नारा लगाते हुए लोगों को यातायात के नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक करने का काम किए। बच्चों के हाथ में नारे लिखी हुई तख्तियां द्वारा वाहन नियंत्रित गति में चलाएं, जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं। जो तेज गति से वाहन चलाएगा, वह शीघ्र ही मौत को गले लगाएगा! अगर दुर्घटना से रखना है दूरी, तो यातायात के नियमों का पालन करें जरूरी। नशे में गाड़ी जो चलाएगा, वह दुर्घटना इनाम में पायेगा। जैसे सैकड़ो नारों से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने का काम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह ने बताया कि पूरे देश में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है और इसी अभियान के अंतर्गत एमडीजे पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा यह सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। आजकल सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और इन्हीं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है। मैं उन तमाम अभिभावकों, वरिष्ठ नागरिकों, बुद्धिजीवियों और क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील करूंगा कि आप नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने दें और आप भी दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। गाड़ी को नियंत्रित गति में ही चलाएं तथा गाड़ी चलाते समय मोबाइल से बात ना करें। हम सब जब तक सचेत नहीं होंगे तब तक सड़क दुर्घटनाओं को रोकना मुमकिन नहीं होगा।

## मानव भारती हेरिटेज स्कूल चांद में बौद्ध धम्म पर सेमिनार आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। शिक्षा तनावमुक्त और क्रोध मुक्त होना चाहिए. उस परिवेश में बच्चे काफी तेजी से सीखते हैं और जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में आगे बढ़ते हैं. भारत भगवान बुद्ध की धरती है. उनके विचारों पर चलकर जीवन के क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है. भारत कोरिया का संबंध पुराना रहा है .आपसी प्रेम और शांति के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है. उक्त बातें दक्षिण कोरिया से आए बौद्ध भिक्षु एवं भारत कोरिया मित्र संघ के अध्यक्ष एवं भिख्खु धम्मादीपा ने मानव भारती हेरीटेज स्कूल चांद में आयोजित समारोह के दौरान कही .उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग बनाकर भारत देश को आजाद करने में अपनी अहम भूमिका निभाई .उसी मार्ग पर चलकर दक्षिण कोरिया ने भी अपने को आजाद की किया. समारोह को संबोधित करते हुए बच्चों एवं शिक्षकों को बुद्ध जी के ज्ञान दर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और शांति अहिंसा तथा आपसी भाईचारा के साथ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया .गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित मानव भारती हेरीटेज स्कूल चांद में दक्षिण कोरिया से आए बौद्ध भिक्षु ने सभा को संबोधित किया और बच्चों से विस्तार से बातचीत किया साथ ही ध्यान साधना के महत्व पर चर्चा की. इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया .आयोजित समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के सचिव धनंजय पांडे एवं संचालन गोविंद प्रसाद ने किया. उन्होंने छात्रों को बताया की उनकी अगली यात्रा में कुछ कोरियन भाषा के शिक्षक और छात्र भी आयेंगे।



# आशिकी 3 में तृप्ति डिमरी की कास्टिंग पर कार्तिक ने तोड़ी चुप्पी



अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कार्तिक ने बॉलीवुड में कॉमेडी, रोमांस, ड्रामा, एक्शन और थ्रिलर जैसी विभिन्न शैलियों में अपना कौशल दिखाया है। अभिनेता आशिकी 3 का भी हिस्सा बनने वाले हैं और स्क्रीन पर रोमांस का तड़का लगाने वाले हैं। हाल ही में, कार्तिक ने आशिकी 3 में तृप्ति डिमरी की कास्टिंग पर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि कार्तिक ने क्या कहा है।

### आशिकी 3 में तृप्ति डिमरी की कास्टिंग!

हाल ही में, एक साक्षात्कार में कार्तिक आर्यन ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर बात की और चंदू चैंपियन की रिलीज को लेकर उत्सुकता भी व्यक्त की है। इस इंटरव्यू में आगे अभिनेता से तृप्ति डिमरी के बारे में पूछा गया तो कार्तिक ने कहा, उन्होंने एनिमल में काफी अच्छा अभिनय किया था, जिस कारण उन्हें नेशनल क्रश का भी टैग दिया गया है। मैंने उन्हें बुलबुल में भी देखा है। वे हर तरह के किरदार को बहुत ही खूबसूरती से निभाती हैं। मुझे लगता है कि हम एक ऑन-स्क्रीन जोड़ी बना सकते हैं।

### अनुराग सर को निर्णय लेने दें...

आगे अभिनेता से जब आशिकी 3 में तृप्ति की कास्टिंग को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, वे अच्छी अदाकारा हैं। अगर हम दोनों साथ में काम करते हैं तो यह फ्रेश जोड़ी होने के साथ-साथ अच्छी जोड़ी भी साबित होगी। हालांकि, फिल्म की कास्टिंग और बाकी चीजों को लेकर अनुराग सर को निर्णय लेने दें, और हम सर्वश्रेष्ठ की आशा कर सकते हैं। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

### तृप्ति डिमरी करना चाहती हैं आशिकी 3

वहीं, पिछले दिनों जब तृप्ति डिमरी से आशिकी 3 करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कौन ऐसी फिल्में नहीं करना चाहेगा। मैं बस ऐसे प्रोजेक्ट्स का इंतजार कर रही हूं। वहीं, कार्तिक आर्यन के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो, अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। इसके अलावा वह भूल भुलैया 3 में भी नजर आएंगे। इन दोनों फिल्मों के अलावा कार्तिक आशिकी 3 में भी नजर आएंगे।




# नो एंट्री के सीक्वल में नए सितारों की एंट्री? वरुण, दिलजीत और अर्जुन कपूर के नाम की चर्चा

2005 की हिट फिल्म नो एंट्री की अगली कड़ी का लोगों को काफी समय से इंतजार है। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन जैसे अभिनेताओं के साथ-साथ बिपाशा बसु, लारा दत्ता और सेलिना जेटली जैसे कलाकारों ने काम किया था। दर्शकों को यह फिल्म काफी ज्यादा पसंद आई थी।

अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म के सीक्वल पर पिछले कुछ समय से काम चल रहा है और इसे मूल कलाकारों के साथ बनाया जाना था। हालांकि, इसमें देरी होती रही। इस बीच फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक  नो एंट्री 2 को बनाने की तैयारी शुरू हो गई है, लेकिन अब इसे नए कलाकारों के साथ बनाने की बात कही जा रही है। फिल्म की कहानी अनीस बज्मी ने लिखी है औक इसका निर्देशन भी वही करने वाले हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार सीक्वल के लिए वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ को चुना गया है। बताया जा रहा है कि तीनों स्क्रिप्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने फिल्म के लिए हामी भर दी है। इस रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि नो एंट्री 2 की स्क्रिप्ट काफी मजेदार है और इसलिए तीनों कलाकार काफी उत्साहित हैं। फिल्म का निर्माण बोनी कपूर जी स्टूडियोज के साथ मिलकर करेंगे। हालांकि, कहा जा रहा है कि फिल्म को फ्लोर पर जाने में कुछ समय लगेगा। नो एंट्री 2 साल के अंत या फिर दिसंबर 2024 तक शुरू हो सकती है। फिल्म को 2025 में रिलीज करने की योजना पर काम किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार अभी तक प्रमुख अभिनेत्रियों का चयन नहीं हो सका है और उसके बाद ही फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा की जाएगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण वर्तमान में एटली की वीडी 18 की शूटिंग कर रहे हैं और नो एंट्री 2 में आने से पहले शशांक खेतान और उनके पिता डेविड धवन के साथ एक फिल्म की शूटिंग पूरी करेंगे। वहीं, कहा जा रहा है कि अर्जुन को रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं। हालांकि इस पर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



# शाहरुख खान के साथ नजर आएंगे केजीएफ स्टार यश



फिल्म केजीएफ से स्टारडम हासिल करने वाले कन्नड़ एक्टर यश जल्द ही नितेश तिवारी की फिल्म रामायण से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। रामायण के साथ ही यश को अब दूसरी फिल्म मिल चुकी है, वो भी बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के साथ। दोनों ही साथ काम करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं और कुछ बड़ा करने की तैयारी में हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि यश जल्द ही शाहरुख खान के साथ काम करने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यश ने केजीएफ के अगले पार्ट और रामायण की शूटिंग की तैयारी शुरू कर दी है और अब वो धीरे नहीं चलना चाहते। वो पहले ही अपनी दूसरी फिल्म पर बातचीत शुरू कर चुके हैं, जो एक एक्शन प्रोजेक्ट होगा। वो रेड चिल्ली एंटरटेनमेंट के साथ अगले प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं। यश को प्रोडक्शन का आइडिया पसंद आया है।

### शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे यश

रिपोर्ट में बताया गया है कि यश ने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। ऐसे में उनकी शाहरुख खान के साथ काम करने पर चर्चा जोरों पर है। दोनों एक आइडिया फिक्स कर चुके हैं, जिस पर काम करने के लिए दोनों ही बेहद एक्साइटेड हैं। दोनों जानते हैं कि साथ आने से फैंस की उम्मीदें बढ़ जाएंगी, ऐसे में दोनों कुछ बड़ा करने की तैयारी में हैं।

### रामायण से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं यश

केजीएफ स्टार यश जल्द ही नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म रामायण से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे। इस फिल्म में रणबीर कपूर, प्रभु श्री राम के रोल में नजर आएंगे, जब यश फिल्म में रावण का रोल प्ले करेंगे। फिल्म में सीता का रोल निभाकर साई पल्लवी भी बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। वहीं हनुमान के लिए सनी देओल को फाइनल कर लिया गया है।



# रश्मिका हर चीज में लेती हैं विजय की सलाह

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के रिश्ते के बारे में तमाम तरह की खबरें आती हैं। अब एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में एक्टर का जिक्र किया है। उनको अपनी लाइफ का बड़ा सपोर्टर बताया है। साथ ही वह कोई भी काम करती हैं, तो पहले एक्टर से राय लेती हैं। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में नजर आईं रश्मिका मंदाना अपनी पर्सलन लाइफ की वजह से खासा चर्चा में हैं। इनका नाम एक्टर विजय देवरकोंडा क साथ जोड़ा जाता है।बीच में तो दोनों के शादी की अफवाह भी उड़ी थी, जिसके बाद एक्टर ने सफाई दी थी कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। हालांकि फैन्स का मानना है कि ये दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बस जाहिर नहीं करना चाह रहे हैं। अब एक लेटेस्ट इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया है कि वह विजय से हर चीज में सलाह मशवरा जरूर करती हैं। वह उनकी लाइफ के बहुत बड़े सपोर्टर हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि विजय हां में हां मिलाने वाले इंसान नहीं हैं। वह जो भी होता है, सीधे बोलते हैं। विजय उनकी लाइफ के बड़े सपोर्टर हैं। वह उनका बहुत सम्मान भी करती हैं। वहीं, इस इंटरव्यू में रश्मिका मंदाना ने रणबीर कपूर की तारीफ की।

# पुष्पा 2 के बाद त्रिविक्रम श्रीनिवास की फिल्म में नजर आएंगे अल्लू अर्जुन

पुष्पा 2 के बाद अल्लू अर्जुन त्रिविक्रम श्रीनिवास की फिल्म, 22 में दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके साथ साउथ की सुपर स्टार त्रिशा भी अहम् भूमिका में नजर आने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन की ये फिल्म महाभारत पर आधारित होने वाली है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा द राइज की सीक्वल पुष्पा 2 द रूल की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में इस फिल्म को लेकर भारी उत्साह है। पुष्पा द राइज के फैंस बेसब्री से पुष्पा 2 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया में हर दिन अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म से जुड़ी कोई न कोई खबर आती ही रहती है। अब खबर आ रही है कि पुष्पा 2 की रिलीज के बाद अल्लू अर्जुन और भी कई बड़ी बजट की फिल्मों में नजर आने वाले हैं। पुष्पा 2 के बाद अल्लू अर्जुन त्रिविक्रम श्रीनिवास की फिल्म में दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके साथ साउथ की सुपर स्टार त्रिशा भी अहम् भूमिका में नजर आने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन की ये फिल्म महाभारत पर आधारित होने वाली है।

### एटली कुमार और बोयापति श्रेणु के साथ भी करेंगे फिल्में

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन की बहुचर्चित फिल्म पुष्पा 2 द रूल की शूटिंग को काफी रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है। अभिनेता अल्लू अर्जुन पुष्पा 2 की शूटिंग को जल्द से जल्द समाप्त कर लेना चाहते हैं ताकि वे अपनी दूसरी फिल्मों को भी समय दे सके।





# राजनीति में एंट्री करेंगे दलपति विजय जल्द ही अपनी पार्टी लॉन्च करने की तैयारी

तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी नवीनतम फिल्म लियो की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्मों के बाद अभिनेता जल्द ही राजनीति में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। विजय लंबे समय से अपनी राजनीतिक पार्टी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। खबरों की मानें तो अभिनेता ने राजनीतिक पार्टी लॉन्च करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक विजय को पार्टी अध्यक्ष चुना गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पार्टी जल्द ही भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत होगी। हालांकि, अभी पार्टी का नाम तय नहीं हुआ है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पार्टी की सामान्य परिषद के लगभग 200 सदस्यों ने पंजीकरण से पहले एक बैठक में भाग लिया। पार्टी के महासचिव और कोषाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है और एक केंद्रीय कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया है। विजय की राजनीति में प्रवेश करने की खबरों को लेकर एक सूत्र ने कहा, वह तमिलनाडु में 2026 के राज्य चुनावों से पहले राजनीति में प्रवेश करेंगे। पार्टी का संभावित नाम पूछे जाने पर उन्होंने कहा, तमिलनाडु में परंपराओं के अनुरूप ही पार्टी का नामकरण होगा। विजय की तमिलनाडु में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। अभिनेता को अक्सर जरूरतमंद लोगों की मदद करते हुए देखा जाता है।

# रूमानी सिनेमा मेरी फिल्मों की हिट श्रेणी

**'कबीर सिंह' और 'ब्लडी डैडी' जैसी हिंसक फिल्में करने के बाद अभिनेता शाहिद कपूर अब वापस रूमानी फिल्मों की तरफ लौट रहे हैं। शाहिद कपूर का मानना है कि हाल के बरसों में रूमानी फिल्मों की संख्या घटी है लेकिन फिर भी उन्होंने फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया इसीलिए स्वीकार की क्योंकि रूमानी फिल्म होते हुए भी ये एक अलग बात कहती है। उन्होंने पहली बार इस फिल्म में उन्होंने कृति सेनन, धर्मेंद्र और डिंपल कापड़िया के साथ काम किया है।**

### फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के लिए आपसे संपर्क किया गया तो आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या रही?

मेरे मन में हमेशा यह इच्छा रहती है कि अगर कोई काम कर रहा हूं तो कुछ वक्त के लिए उससे बंधा रहूं। पिछले कुछ साल में जो किरदार निभाए वह थोड़े गंभीर और नाटकीय रहे हैं। मुझे लगा कि इस छवि को थोड़ा सा हल्का करना चाहिए। अपने आपको को इतनी गंभीरता से भी नहीं लेना चाहिए। मुझे तलाश थी प्रेम कहानी की, जो मेरी फिल्मों की हिट श्रेणी रही है और जैसी फिल्में लोगों को पहले पसंद आई हैं। मुझे अच्छा लगा काम करके, दर्शक के रूप में खुद मैं इस इस तरह के सिनेमा को बहुत मिस कर रहा था।

### इस प्रेम कहानी में नया क्या है?

हर प्रेम कहानी में कोई न कोई समस्या आती ही रहती है। फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की प्रेम कहानी में बहुत ही अद्वितीय समस्या है। मुझे इस बात की उम्मीद नहीं थी कि इस तरह के विषय पर फिल्म बनाने के लिए कोई कभी सोचेगा भी। मुझे फिल्म की कहानी बहुत ही मनोरंजक और विश्वसनीय लगी। जब मैं फिल्म की स्क्रिप्ट सुन रहा था तो मैं बहुत हंस रहा था। मेरे साथ मेरी एक दोस्त अश्वनी भी हंस हंस कर गिरी जा रही थी। मैंने उनको  जिंदगी में इतना हंसते हुए कभी नहीं देखा।

### फिल्म में इंसान और रोबोट के बीच प्रेम कहानी की  बात की गई हैं, यह विषय कुछ भारी नहीं लगता?

इस फिल्म में हम ऐसे रोबोट की बात कर रहे हो जो इंसान के बहुत  करीब है। विषय ज्यादा भारी नहीं है। टिपकल फनी लव स्टोरी के अंदर इस चीज को फिल्म में ऐसा  जोड़ा गया है जिसमें सारी घटनाएं हो रही, मुझे इस फिल्म में यह बात बहुत अच्छी लगी। मुझे यह भी अनुभव हुआ कि आज के जमाने में हम उस दौर से गुजर रहे हैं जहां पर टेक्नोलॉजी से हमारा सामना होता जा रहा है और हम टेक्नोलॉजी पर निर्भर होते जा रहे हैं। अभी हम शायद इस बात को नहीं समझ पा रहे है कि टेक्नोलॉजी के हम कितने आदी होते जा रहे हैं।

### पहली बार आप कृति सेनन के साथ काम कर रहे हैं। आप दोनों के बीच पहला ऐसा कौन सा सीन फिल्माया गया जिससे आप दोनों एक दूसरे के प्रति सहज हो गए?

पहले दिन हमने फिल्म के पहले सीन से ही शुरुआत की। मैंने ही कहा था कि फिल्म की शुरुआत सबसे मुश्किल सीन से करते हैं। इससे या तो आसपास होते हैं या फिर पास होते हैं। वैसे तो आपको पास होना ही है क्योंकि यह फिल्म बन रही है। जब आप एक बार उस दौर से गुजर जाते हैं तो आप फिल्म में प्रवेश कर जाते हैं। इसलिए पहले हम चार दिन बर्बाद क्यों करें? फिल्म में एक नॉर्मल इंसान है और एक रोबोट है। यह दोनों कैसे मिलेंगे, इनके बीच क्या बातचीत होगी। वह समझना पांचवें सीन की बजाय पहले सीन में समझना बहुत ही महत्वपूर्ण था। हमने वह जोखिम लिया और उस सीन से शुरुआत की। पहली बार जब हम एक दूसरे से मिलते हैं तो उस क्षण में कुछ था, लेकिन बाद में सब अच्छा ही हो गया।






सेंसेक्स
71638.00 पर बंद
निफ्टी
21695.70 पर बंद

सोना
62,778
चांदी
71,599

## संक्षिप्त समाचार

### देश में डिजिटल पेमेंट का बढ़ा दायरा, एक साल में 10.94 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी।** देश में डिजिटल भुगतान में सितंबर 2023 से पहले के एक साल में 10.94 प्रतिशत की वृद्धि रही है। ऑनलाइन लेनदेन मापने वाले आरबीआई सूचकांक से यह जानकारी सामने आई है।



आरबीआई का डिजिटल भुगतान सूचकांक सितंबर 2023 के अंत में 418.77 पर था, जबकि सितंबर 2022 में यह 377.46 था। वहीं, मार्च 2023 में यह सूचकांक 395.57 पर था। आरबीआई ने कहा कि सूचकांक सभी मापदंड़ों में बढ़ा है।

**डिजिटल भुगतान का बढ़ा दायरा-** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अपने बयान में कहा, आरबीआई-डीपीआई इंडेक्स सभी मापदंडों में बढ़ा है। आरबीआई ने बताया कि विशेष रूप से देश भर में भुगतान में वृद्धि दर्ज की गई है।

बता दें कि केंद्रीय बैंक ने पूरे देश में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा को आंकने के लिए आधार के रूप में मार्च 2018 में एक समग्र सूचकांक के गठन की घोषणा की थी। इसके तहत पांच व्यापक मापक शामिल किए गए हैं, जो अलग-अलग समय में देश में डिजिटल भुगतान के बारे में पता लगाता है। ये रिपोर्ट मार्च 2021 के बाद से प्रकाशित किए जाते हैं। ये चार महीने देर से मार्च 2021 से अर्ध-वार्षिक आधार पर जारी किया जाता है।

### एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी सिलेंडर के रेट बढ़ गए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आज एक फरवरी को एलपीजी से लेकर एटीएफ तक के रेट अपडेट की हैं। आज यानी गुरुवार को एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 14 रुपये महंगा हुआ है। यह बढ़ोतरी दिल्ली, जयपुर, इंदौर, लखनऊ, अहमदाबाद, मेरठ, आगरा, मुंबई



समेत पूरे देश में हुई है।हालांकि कि रेट केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के बदले हैं। 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किए गए हैं।

आगरा में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर आज से 1817.5 रुपये का हो गया है। 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब जयपुर में 2046 रुपये , लखनऊ में 1883 रुपये और अहमदाबाद में 1866.5 रुपये का हो गया है। नागपुर में कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1947.5 रुपये में आज से मिलेगा तो इंदौर में 1876 रुपये में बिकेगा। अभी भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट की कीमत दिल्ली में 903 रुपये है तो कोलकाता में 929 रुपये। आज एक फरवरी को मुंबई में 902.50 रुपये और चेन्नई में 918.50 रुपये है। बता दें आखिरी बार घरेलू सिलेंडर के दाम 30 अगस्त 2023 को बदले थे। एक मार्च 2023 को एलपीजी के रेट दिल्ली में 1103 रुपये प्रति सिलेंडर थे। इसके बाद एक ही बार में 200 रुपये सस्ता कर दिया गया।

### इंडियावुड 2024: वुडवर्किंग और फर्नीचर उत्पादन प्रौद्योगिकी हेतु एक वैश्विक शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियावुड का 13वां संस्करण बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र, बेंगलुरू में व्यापक रूप से लकड़ी और फर्नीचर उत्पादन प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा। 75,000 वर्गमीटर तक फैले प्रदर्शनी क्षेत्र के इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों की 950 से अधिक कंपनियां और 75,000 से अधिक व्यापार आगंतुक भाग लेंगे। यह कार्यक्रम नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकी की झलक पेश करने के साथ अद्वितीय नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करेगा। इंडियावुड 2024, आयोजन के इतिहास में सबसे बड़ा, यह कार्यक्रम दुनिया भर से उद्योग जगत के नेताओं, प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों को एक साथ लाएगा। इसमें विशेषज्ञों और विचारकों के नेतृत्व में सेमिनारों, कार्यशालाओं और पैनल चर्चाओं की एक विस्तृत श्रृंखला भी शामिल रहेगी। इस आयोजन में विशेषज्ञों और विचारकों के नेतृत्व में सेमिनारों, कार्यशालाओं और पैनल चर्चाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी। उपस्थित लोगों को उभरते उद्योग रुझानों, टिकाऊ प्रथाओं और नवीन प्रौद्योगिकियों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# निर्मला के नवरत्न, जिन्होंने तैयार किया साल 2024 का अंतरिम बजट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज यानी 1 फरवरी को अपना छठा बजट पेश करने जा रही है। हालांकि, आपको बता दें कि यह अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार छठी बार अपनी खास टीम के साथ मिलकर यह अंतरिम बजट बनाया है। इस साल इनकी टीम में नौ लोग शामिल हैं, जिन्हें नवरत्न कहा जा रहा है। यह सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों के दिग्गज हैं।

बजट बनाने में शामिल प्रमुख सदस्य राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा; आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ; निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडे; वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी; वित्त सचिव टीवी सोमनाथन; मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हैं। इस खबर में हम आपको निर्मला सीतारमण के उन नवरत्नों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने अपने-अपने कौशल को इस बजट में पूरी तरह से इस्तेमाल किया है।

**निर्मला सीतारमण-** आपको बता दें, निर्मला सीतारमण साल 2019 से ही बजट पेश कर रही हैं। इस साल वह छठा बजट पेश कर रही हैं। मालूम हो कि आज निर्मला सीतारमण छठा बजट पेश करने वाली दूसरी वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने भी 5 पूर्ण और 1 अंतरिम बजट पेश किया था। वह विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श का नेतृत्व करती है, कर और खर्च की प्राथमिकताएं तय करती है और अंत में संसद में बजट का अनावरण करती है।



बता दें कि उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की पढ़ाई की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में वाणिज्य और रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। वह कर्नाटक से राज्यसभा सांसद भी हैं। भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री भी हैं। इससे पहले वह पहली पूर्णकालिक महिला रक्षा मंत्री भी रह चुकी हैं।

**टीवी सोमनाथ (वित्त सचिव)-** तमिलनाडु के आईएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन इस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय सबसे सीनियर सेक्रेटरी हैं, जिन्हें फाइनेंस सेक्रेटरी की जिम्मेदारी दी गई। वह विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों की एक टीम का नेतृत्व करते हैं, आर्थिक आंकड़ों का विश्लेषण करते हैं और बजट दस्तावेज का एक मसौदा तैयार करते हैं। बता दें कि इस बजट को तैयार करने में वह वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और पीएमओ अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी सोमनाथन ने अप्रैल, 2015 से अगस्त, 2017 तक प्रधानमंत्री कार्यालय में काम किया था। वित्त मंत्रालय में शामिल होने से पहले वह प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव थे। साल 2020 में वह केंद्रीय वित्त मंत्रालय में एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी बने थे, जिसके बाद से वह बजट निर्माण की प्रक्रिया से भी नजदीक से लगातार जुड़े रहे हैं।

**अजय सेठ (आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव)-** कर्नाटक कैडर में 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अजय सेठ इस वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। इनका अधिकांश अनुभव सार्वजनिक वित्त, सामाजिक क्षेत्र प्रशासन, सार्वजनिक व्यय, कर नीति और प्रशासन, बजट, परियोजना मूल्यांकन, शहरी परिवहन और बुनियादी ढांचे समेत कई संबंधित मामलों से निपटना के क्षेत्र में रहा है।

वह साल साल 2021 में वित्त मंत्रालय आए थे और मंत्रालय के अति महत्वपूर्ण बजट डिवीजन को लीड किया। मालूम हो कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुई जी20 (जी20) बैठक के दौरान वह चर्चा में आए थे। वह ल20 ब्लॉक के वित्त ट्रैक के प्रभारी अधिकारी थे।

## 163 साल पुरानी है बजट की विरासत, भारत के पहले बजट से लेकर इस बजट में पेश हुआ था सबसे लंबा भाषण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर साल आने वाले वित्त वर्ष की प्लानिंग के लिए सरकार बजट पेश करती है। इस बजट में सरकार अपने खर्च के साथ रेवेन्यू को लेकर अनुमान लगाती है। आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वोट ऑन अकाउंट पेश किया जाएगा। बजट पेश करने को बजट भाषण भी कहा जाता है।

इन भाषण को रिकॉर्ड किया जाता है। ऐसे में हर साल बजट की समयसीमा अलग होती है। चलिए जानते हैं कि अभी तक का सबसे लंबा बजट भाषण कौन-सा है

**किसने पेश किया भारत का पहला बजट-** भारत में पहला बजट 7 अप्रैल 1860 को पेश किया गया था। यह बजट ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेश किया था। यह बजट उस समय के स्कॉटिश अर्थशास्त्री जेम्स विल्सन ने पेश किया था। इसके बाद से बजट का सिलसिला जारी रहा। इसका मतलब है कि भारत में बजट पेश करने की परंपरा 163 साल पुरानी है। हालांकि, इसमें समय-समय पर बदलाव देखने को मिला है।




आजादी के बाद पहला बजट 26 नवंबर 1947 को तत्कालीन वित्त मंत्री आरके शन्मुखम चेट्टी द्वारा पेश किया गया था। अभी तक देश में 75 यूनियन बजट, 14 अंतरिम बजट और 4 स्पेशल बजट पेश हो गए हैं। इस साल 1 फरवरी 2024 को भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। बजट के साथ बजट भाषण भी पेश किया जाता है।

**यह है लंबा बजट भाषण-** अभी तक का सबसे लंबा बजट भाषण 1 फरवरी 2020 को पेश हुआ था। यह भाषण वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दिया गया था। इन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया था। इस बजट का समय 2 घंटे 52 मिनट था। इस भाषण में उन्होंने जुलाई 2019 का अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

जुलाई 2019 में उन्होंने 2 घंटे 17 मिनट बोला था। वर्ष 2019 में उन्होंने पहली बार बजट पेश किया था। वहीं, सबसे छोटा बजट हीरूभाई मूलजीभाई पटेल ने पेश किया था। उन्होंने अपने बजट भाषण में केवल 800 शब्द बोले थे। आपको बता दें कि वर्ष 1977 से 1979 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार थी।

# विप्रो में सैकड़ों कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप कंपनी स्विगी के बाद अब देश की दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो में नौकरियों की संकट को लेकर बुरी खबर सामने आई है। विप्रो भी अब अपने कर्मचारियों को झटका देते हुए छंटनी करने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विप्रो अपने मार्जिन में सुधार करने के लिए छंटनी का रास्ता अपना रहा है। कंपनी के इस कदम से सैकड़ों मिड-रेंज यानी मध्य स्तर के कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। खबरों के अनुसार कंपनी मिड लेवल के 100 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी करेगी।




**प्रॉफिट मार्जिन में सुधार के लिए छंटनी-** विप्रो मिड लेवल के कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के प्रोसेस में है, क्योंकि कंपनी अपने प्रॉफिट मार्जिन में सुधार करना चाहती है। इससे पता चलता है कि आईटी कंपनियों के लिए मार्जिन में सुधार और लागत बचाने के लिए कर्मचारियों की छंटनी करना एक चलन बन गया है।

**कम प्रॉफिट मार्जिन बना चुनौती -** विप्रो इस समय भारत में सूचीबद्ध चार सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनियों में सबसे कम प्रॉफिट मार्जिन की चुनौती का सामना कर रही है। दिसंबर तिमाही में इसका मार्जिन 16 फीसदी रहा, जो टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (25 फीसदी), इंफोसिस (20.5 फीसदी) और एचसीएल टेक्नोलॉजीज (19.8 फीसदी) से काफी कम है। कंपनी अब अपने कारोबार को बेहतर बनाने के लिए कुछ नौकरियों में कटौती करने की तैयारी कर रही है।

# बजट में ज्यादा उपाय नहीं किए गए : केवी सुब्रमण्यम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने भी अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें यह ध्यान रखना होगा कि यह अंतरिम बजट है। पूर्ण बजट चुनाव के बाद जून या जुलाई में पेश किया जाएगा, इसलिए इस बजट में ज्यादा उपाय नहीं किए गए होंगे। मुझे लगता है कि इस बजट में सरकार पिछले वर्षों की अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाएगी। शायद कुछ नया देखने को भी मिल सकता है। हो सकता है महिलाओं से जुड़ा कुछ नया हो सकता है। मैं देख रहा हूं पिछले वर्षों के अच्छे कदमों को फिर से दोहराया जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी स्थिति में है।



**महामारी के दौरान नई नीतियों को हमने अपनाया था-**केंद्रीय अंतरिम बजट के पेश होने से पहले पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने कहा कि मैं कहा था कि विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक रहेगी और वास्तव में आंकड़ें यही हैं। कोविड महामारी के दौरान हमने कई नीतियों को अपनाया था, जिसका लाभ हमें देखने को मिला है। पूंजीगत व्यय में लगभग 3.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जब आप विकास दर को देखते हैं, तो आपको याद होगा कि महामारी के दौरान लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया था। भारतीय अर्थव्यवस्था काफी मजबूत है। आईएमएफ भी इसे स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

**दुनिया के मुकाबले भारत में महंगाई काबू में- सुब्रमणयम-** केंद्रीय अंतरिम बजट से पहले आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम ने कहा कि वैश्विक बाजार अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है क्योंकि महामारी के दौरान खर्च के कारण महंगाई हुई। इसे नीचे लाने के लिए ब्याज दरों को बढ़ा दिया है, इसलिए ब्याज दरें अभी तक कम नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि वहीं भारत की स्थिति पूरी तरह से अलग है। भारत में महंगाई काबू में हैं। आने वाले समय में नीतिगत दरें भी कम हो सकती हैं। लेकिन आप अगर समग्र रूप से चीजों को देखते हैं तो राजकोषीय घाटा कम किया जा सकता है। चालू खाता घाटा अच्छी स्थिति में हैं। भारत में महंगाई भी नियंत्रण में है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि महामारी के प्रभावों पर पूरी तरह भारत ने काबू पा लिया है।


### अमित शाह ने किसानों को आसान ऋण सुनिश्चित करने के लिए कृषि ग्रामीण विकास बैंक डिजिटलीकरण योजना शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 13 राज्यों में फैले कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) के लिए 120 करोड़ रुपये की कम्प्यूटरीकरण पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य उनके संचालन में पारदर्शिता बढ़ाना और लाखों किसानों को ऋण वितरण में सुविधा प्रदान करना है। यह पहल 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित एआरडीबी की 1,851 इकाइयों को कॉमन नेशनल सॉफ्टवेयर के माध्यम से नाबार्ड से जोड़ेगी।

नई दिल्ली में परियोजना का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि एआरडीबी शाखाओं के कम्प्यूटरीकरण से उनसे जुड़े 1.2 करोड़ किसानों को काफी फायदा होगा. इसके अलावा, शाह ने कहा, कार्यक्रम लेनदेन लागत को कम करेगा, किसानों को ऋण वितरण की सुविधा प्रदान करेगा और योजनाओं की बेहतर निगरानी और मूल्यांकन के लिए वास्तविक समय डेटा तक पहुंच सक्षम करेगा। शाह ने कहा कि मोदी सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के तहत सहयोग भी डिजिटल माध्यम से गांवों तक पहुंचना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों के सहकारी समिति के रजिस्ट्रार कार्यालय एवं कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूटराइज़ेशन के माध्यम से प्राथमिक कृषि ऋण समिति से लेकर पूरी सहकारिता व्यवस्था को आधुनिक बनाने का काम किया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि इन दोनों कामों में लगभग सवा दो सौ करोड़ रूपए की लागत आएगी, जिनमें से एआरडीबी पर 120 करोड़ रूपए और आरसीएस पर 95 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे ।

# 900 तक जा सकता टाटा का शेयर, निवेशक जमकर लूटा रहे पैसे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को बाजार में बड़ी बिकवाली के बीच टाटा की कई कंपनियों के शेयर ने रिकॉर्ड हाई को टच किया। ऐसा ही एक शेयर टाटा मोटर्स का है। दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा से पहले टाटा मोटर्स के शेयर 5 प्रतिशत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 886.30 रुपये पर पहुंच गए। वहीं, शेयर की क्लोजिंग 859.25 रुपये पर हुई। इस शेयर को लेकर एक्सपर्ट भी बुलिश नजर आ रहे हैं। ट्रेडिंग के दौरान टाटा मोटर्स ने मार्केट कैप में मारुति सुजुकी को पछाड़ दिया और भारत की सबसे मूल्यवान कार कंपनी बन गई। टाटा मोटर्स ने करीब 7 साल बाद यह सफलता हासिल की है। हालांकि, कारोबार के अंत में मारुति का मार्केट कैप 3,13,248.72 करोड़ रुपये और टाटा मोटर्स का मार्केट कैप 2,85,515.64 करोड़ रुपये था। बता दें कि आगामी 2 फरवरी को टाटा मोटर्स अपने दिसंबर तिमाही के नतीजे घोषित करने वाली है।



क्या कहना है एक्सपर्ट का

ब्रोकरेज फर्म प्रभुदास लीलाधर ने टाटा मोटर्स के शेयर को खरीदने की सलाह दी है। इसके मुताबिक शॉर्ट टर्म में शेयर की कीमत 900 रुपये के स्तर को पार कर सकती है। हालांकि, जब ब्रोकरेज ने शेयर के लिए सिफारिश की तब इसकी कीमत 791 रुपये थी। इसके अलावा मॉर्गन स्टेनली और मोतीलाल ओसवाल जैसे ब्रोकरेज भी शेयर को लेकर काफी पॉजिटिव हैं।

**शेयर में तेजी की वजह-** जगुआर लैंड रोवर की रिकॉर्ड बिक्री और यात्री वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कंपनी के शेयर में काफी वृद्धि हुई है। पिछले 1 महीने में शेयर में 10 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। बता दें कि पिछले सप्ताह में टाटा मोटर्स ने घोषणा की थी कि वह 1 फरवरी, 2024 से अपने यात्री वाहनों की कीमतों में 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी। इसमें कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल होंगे।

इसके अतिरिक्त टाटा मोटर्स के जगुआर लैंड रोवर डिवीजन ने तीसरी तिमाही में 1.01 लाख थोक इकाइयां बेचीं जो कि सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि है। यह पिछली 11 तिमाहियों में सबसे ज्यादा थोक बिक्री का आंकड़ा भी है।

**अप्रैल से शुरू होगा ये प्लांट-** टाटा मोटर्स इस साल अप्रैल से फोर्ड इंडिया से अधिग्रहण किये गए साणंद प्लांट में इलेक्ट्रिक वाहनों का मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने की योजना बना रही है। कंपनी की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने पिछले साल जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725.7 करोड़ रुपये में इस प्लांट का अधिग्रहण किया था।

## ब्रांड के नए प्लेटफॉर्म के रूप में ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट युवा भारतीयों के फैशन को बदल देगा

**मुंबई एजेंसी।** ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर ने फैशन नैक्स्ट पेश किया है। यह एक अग्रणी फैशन प्लेटफॉर्म है, जो फैशन के बिल्कुल नए अनुभव प्रदान करेगा। गुरुग्राम और हैदराबाद के साथ नए शहरों, भुवनेश्वर और पुणे में शुरू हो रहा, फैशन नैक्स्ट फैशन और स्टाईल का नया चेहरा पेश करने वाला है।

ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर अपने प्रतिष्ठित ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन टूर के साथ भारत में 16 सालों से स्टाईल के मामले में सबसे आगे रहा है। यह सबसे लोकप्रिय डिज़ाईनर्स और ग्लैमरस सेलिब्रिटीज़ के साथ रैंप पर फैशन लेकर आता रहा है। क्योरेटर-इन-चीफ के रूप में प्रसिद्ध डिज़ाईनर आशीष सोनी और फैशन डिज़ाईन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ अपनी निरंतर साझेदारी के साथ यह ब्रांड अब ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट के साथ फैशन, स्टाईल और ग्लैमर की पुनर्कल्पना कर रहा है।

अपने इस नए अवतार में फैशन नैक्स्ट ग्लोबल फैशन और लाईफस्टाईल ट्रेंड्स के प्रभाव पेश करेगा, जो विकसित होते फैशन के शिखर पर स्थित तीन अद्वितीय थीम्स के साथ संकलित किए गए हैं। ये थीम्स हैंः वांडरलक्स, जो होलिडे वियर में लक्ज़री फैशन का प्रभाव प्रदर्शित करती है; ग्लॉस एंड ग्लैम, जो हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करती है; और इंटरग्लैमेटिक, जो फ्यूचरिज़्म से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करती है।

फैशन नैक्स्ट 2024 का मंच की सितारों की शाम से जगमगाएगा, जो गुरुग्राम में रिमजिम दादू और हैदराबाद में जेजे वाल्या द्वारा क्योरेट की जाएगी। वो फैशन नैक्स्ट 2024 की विशिष्ट थीम्स में अपने अद्वितीय कलेक्शंस का अनावरण करेंगे और स्टाईल ट्रेंड्स के विकास की झलक प्रस्तुत करेंगे। इस शाम को एक इनोवेटिव सेगमेंट, 'फैशन नैक्स्ट स्पॉटलाईट, पॉवर्ड बाय एफडीसीआई का एक्सक्लुसिव प्रिव्यू भी पेश किया जाएगा। इसमें 9 प्रतिष्ठित डिज़ाईनर्स के डिज़ाईंस और लोकप्रिय फैशन इन्फ्लुएंसर्स के स्टाईल्स के साथ विकसित होते हुए ट्रेंड्स का आकर्षक शो होगा, जो 2024 की विभिन्न थीम्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड को बीपीसीएल से 1800 डीसी फास्ट ईवी चार्जर के लिए 120 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में अग्रणी ईवी चार्जर निर्माता सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड (एनएसईः सर्वोटेक) ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) से 1800 डीसी फास्ट ईवी चार्जर के बड़े आर्डर को हासिल किया है। इस प्रोजेक्ट का मूल्यांकन 120 करोड़ रुपये है, इसके तहत सर्वोटेक इन 1800 ईवी चार्जरों का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और राष्ट्र भर में रणनीतिक रूप से तैनात करने में शामिल होगा, खासकर बड़े शहरों में बीपीसीएल पेट्रोल पंपों पर। यह बीपीसीएल ई-ड्राइव प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस कदम से व्यापक ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में दो चार्जर वेरिएंट हैं - 60 किलोवाट और 120 किलोवाट - और सर्वोटेक इस विस्तृत प्रोजेक्ट को 2024 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखता है, जो देश के विकसित होते ईवी पारिस्थितिकी में योगदान देगा। इस पहल का उद्देश्य ई-मोबिलिटी टचपॉइंट स्थापित करना, लेन-देन को अनुकूलित करना, उपलब्धता को सुधारना, खोज को सरल बनाना, ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए नेविगेशन को सुविधाजनक बनाना, और विस्तारित ईवी चार्जिंग नेटवर्क तक सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करना है। सारिका भाटिया, सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड की निदेशक, ने कहा, हम बीपीसीएल के साथ मिलकर भारत की ई-मोबिलिटी क्रांति को तेजी से बढ़ाने में अत्यधिक गर्व महसूस करते हैं। हमारी साझेदारी ईवी मालिकों के लिए देशभर में ईवी चार्जिंग को सुलभ बनाने हेतु एक गतिशील ईवी चार्जिंग नेटवर्क स्थापित करने पर केंद्रित है। अत्याधुनिक डीसी फास्ट ईवी चार्जर के माध्यम से, सर्वोटेक पावर सिस्टम्स ई-मोबिलिटी क्षेत्र में भारत के लक्ष्यों को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं, और देश को एक ईवी-शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में सहयोग करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की बढ़ती स्वीकार्यता के साथ, सर्वोटेक एक मजबूत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को विकसित करने में अग्रणी रहे हैं, और पहले ही (जनवरी 2024 तक) पूरे भारत में 4000 ईवी चार्जर्स की सफलतापूर्वक आपूर्ति कर चुके है।

# वे इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजी को दबाव में डाल सकते हैं, चोपड़ा ने पाटीदार और सरफराज का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** भारत 5 मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में अपनी प्लेइंग इलेवन में जबरन बदलाव करने के लिए तैयार है। भारत को अपने दो मुख्य खिलाड़ियों केएल राहुल और रवींद्र जड़ेजा के चोटिल होने के कारण हार का सामना करना पड़ा है। दूसरे टेस्ट मैच में विराट कोहली की अनुपस्थिति के कारण, भारत को टीम के बल्लेबाजी क्रम को भरने के लिए कम से कम एक पदार्पण की उम्मीद होगी। सरफराज खान और रजत पाटीदार में से किसी एक के दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की उम्मीद है। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि रणजी ट्रॉफी सितारे भारत के बल्लेबाजों की तुलना में स्पिन को बेहतर ढंग से खेलने में सक्षम हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने हाल के वर्षों में घरेलू रेड-बॉल सर्किट में कड़ी मेहनत की है।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा, %रजत पाटीदार और सरफराज खान बहुत महत्व रखते हैं। वे स्पिन-अनुकूल पिचों पर अच्छा खेलते हैं और रणजी ट्रॉफी में बहुत सारे रन बनाए हैं। वे अंतरराष्ट्रीय सफेद गेंद क्रिकेट से नहीं आ रहे हैं, जो आपकी रक्षा को कमजोर करता है। मैं मैच के लिए तैयार हूं और यह भारत के लिए अच्छी खबर है। वे इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजी को दबाव में डाल सकते हैं।%

हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भारत को हार का सामना करना पड़ा जब पदार्पण कर रहे टॉम हार्टले ने 7 विकेट लिए। भारतीय टीम राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 231 रनों के लक्ष्य के 28 रन रहते सामने ढेर हो गई और उम्मीद है कि वह अपनी गलतियां नहीं दोहराएगी।

इंग्लैंड की टीम में भी बदलाव होंगे जैक लीच घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड की टीम में अनुभवी जेम्स एंडरसन हैं जो लीच के स्थान पर आ सकते हैं, या टीम अगर इसी तरह के संयोजन के साथ खेलना चाहती है तो शोएब बशीर को पदार्पण करा सकती है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मैच से पहले बात की और कहा कि टीम डॉ. वाई.एस.राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के विकेट का विश्लेषण करने के बाद फैसला करेगी। दूसरा टेस्ट 2 फरवरी, शुक्रवार से शुरू होगा।

# चोट के कारण मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे रोनाल्डो



**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को यहां मुकाबला होना है।

अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर स्किन कैंसर के कारण महिला प्रीमियर लीग से हुई बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल को गर्दन से स्किन कैंसर निकालने के लिए सर्जरी के बाद महिला प्रीमियर लीग 2024 से बाहर होना पड़ा है। चीटल ने पिछले दिसंबर में भारत के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने बुधवार को ये सर्जरी करवाई।

इस साल का डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से बेंगलुरु में शुरू हो रहा है और तेज गेंदबाज चीटल को पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी के दौरान गुजरात जायंट्स ने खरीदा था। 25 वर्षीय खिलाड़ी का 2021 में भी इसी तरह का इलाज हुआ था। तब उनके पैर में परेशानी हुई थी। वह न्यू साउथ वेल्स के लिए महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के बाकी मैचों से भी बाहर हो जाएंगी। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक बयान में कहा गया है, चीटल खिलाड़ियों के निर्धारित ऑफ-सीजन ब्रेक के बाद एनएसडब्ल्यू के साथ ट्रेनिंग में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं।

# सरफराज खान के चयन पर बोले दीप दासगुप्ता- गुणवत्ता रनों का बढ़ना भी महत्वपूर्ण है

**नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर दीप दासगुप्ता ने इस बात पर अपनी राय रखी कि क्या सरफराज खान को पहले भारतीय टीम में चुना जाना चाहिए था। 26 वर्षीय सरफराज को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 2 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुना गया। केएल राहुल के हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद सरफराज को पहली बार भारत में शामिल किया गया। उनके साथ रवींद्र जडेजा के दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद सौरभ कुमार को भी टेस्ट टीम में बुलाया गया था।

दासगुप्ता ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 2 मैचों की अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला में अपने खेल के शीर्ष पर रहने के लिए सरफराज की प्रशंसा की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दूसरे मैच में युवा खिलाड़ी ने शानदार शतक बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। हालांकि दासगुप्ता ने यह भी कहा कि खिलाड़ियों का चयन करते समय उन टीमों पर भी गौर करना चाहिए जिनके खिलाफ उन्होंने रन बनाए हैं।

दासगुप्ता ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, %उन्हें



इसका श्रेय जाता है कि वह पिछले दो से तीन वर्षों से अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड ए के खिलाफ भी रन बनाए थे। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन दो सवाल थे। सबसे बड़ा सवाल था कि किसकी जगह। हम बड़ी आसानी से कह देते हैं कि फलां खिलाड़ी होना चाहिए, लेकिन 11 ही खेल सकते हैं और टीम में 15 या 16 ही हो सकते हैं। दूसरी बात ये भी सवाल था और मैंने सुना है यह कुछ लोगों से पता चलता है कि बड़े मैचों में रन कहां होते हैं।%

उन्होंने कहा, %जब लोग प्रथम श्रेणी क्रिकेट के बारे में बात करते हैं, तो पूरे सम्मान के साथ आपके पास 37 टीमें हैं। आप कुछ बहुत ही औसत टीमों के खिलाफ भी खेल रहे हैं। मुझे ऐसा नहीं कहना चाहिए, यह कुछ टीमों के लिए अपमानजनक होगा, लेकिन गुणवत्ता रनों का बढ़ना भी महत्वपूर्ण है। मैं यह बात सरफराज के खिलाफ नहीं कह रहा हूं।% 45 प्रथम श्रेणी मैचों में सरफराज ने 69.85 की औसत और 70.48 की स्ट्राइक रेट से 3912 रन बनाए हैं जिसमें 14 शतक और 11 अर्द्धशतक शामिल हैं।

# स्टोक्स ने रूट को 'गेंदबाज' बनाने का वादा निभाया

**विशाखापत्तनम।** बेन स्टोक्स ने जो रूट की गेंदबाजी निखारने का वादा किया था और इंग्लैंड के कप्तान को इस बात से खुशी है कि वह अपने इस 'मिशन% में सफल रहे जो इस शीर्ष बल्लेबाज के पहले टेस्ट की जीत में पांच विकेट झटकने से साफ झलकता है। इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ



बल्लेबाज रूट भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भी रहे जिन्होंने मैच में पांच विकेट हासिल किए। रूट ने पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में केएल राहुल का अहम विकेट अपने नाम किया जिससे इंग्लैंड ने वापसी करते हुए शानदार जीत हासिल की। रूट ने अच्छी गति से गेंद टर्न कराई और उनकी स्ट्रेट गेंद से भी भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी हुई।

दूसरे टेस्ट में जैक लीच नहीं खेल रहे हैं तो रूट के स्पिन विभाग में और अधिक जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद है। उन्होंने श्रृंखला के शुरूआती मैच में कुल 48 ओवर डाले थे। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैंने हमेशा जो से कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने कम गेंदबाजी की और मैं उन्हें कहता कि मैं उन्हें एक गेंदबाजी बनाऊंगा और मैंने ऐसा कर भी दिया।% उन्होंने कहा, 'ऐसे खिलाड़ी का होना जो सिर्फ गेंद ही नहीं फेंकता बल्कि खेल की रफ्तार भी बढ़ा दे। वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी भी करे और उन्होंने जितने रन बनाए हैं, उसे देखते हुए वह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं।%

स्टोक्स ने कहा, 'जो की गेंदबाजी का यहां फायदा मिलना निश्चित रूप से बहुत बड़ी चीज है।% इंग्लैंड ने मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन को जबकि चोटिल लीच के स्थान पर 'अनकैप्ड% शोएब बशीर को शामिल किया है। बशीर वीजा मुद्दों के कारण देर से भारत पहुंचे जिससे वह पहले मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। एंडरसन की वापसी इंग्लैंड के लिए ऐसा ही काम करेगी जो जसप्रीत बुमराह भारत के लिए पुरानी गेंद से करते हैं और वो है 'रिवर्स स्विंग%। स्टोक्स ने कहा कि एंडरसन जब नहीं खेल रहा होता तब भी वह टीम के लिए योगदान करता है जैसा हैदराबाद में हुआ था। स्टोक्स ने कहा, 'जिम्मी का अनुभव लाना शानदार है और उनका भारत में रिकॉर्ड भी अच्छा है। जिम्मी 'द स्विंग किंग% शानदार गेंदबाज है।

# इंग्लैंड पर पलटवार को तैयार भारतीय टीम, संभावित प्लेइंग 11



**विशाखापत्तनम।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने को तैयार है। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के स्पिनरों से निपटने के लिए तैयारी कर ली है और इसको लेकर बीते दिनों में भारतीय बल्लेबाजों को परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने का जमकर अभ्यास किया।

मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है और अब रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल के भी बाहर हो जाने से उनकी बल्लेबाजी लाइनअप में एक बड़ा अंतर आ गया है। हालाँकि, इससे रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को यहां अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की चोटों से जुझ रहे भारतीय टीम को एक उदाहरण पेश करना होगा।

खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल पर भी दबाव है। दोनों बल्लेबाजों को धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा करना होगा। रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में तब्दील कर करना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी स्टाइल में ऐतिहासिक मुकाम हासिल करेंगे।

दूसरे टेस्ट के लिए भारत की पूरी टीम के पास कुल मिलाकर 10,702 टेस्ट रन हैं, जबकि अकेले जो रूट के नाम 11,447 टेस्ट रन हैं। इसलिए उम्मीद है कि सभी आलोचकों की इस भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर नजर रहेंगी। भारत ने पहले भी विशाखापत्तनम में दो टेस्ट खेले हैं और वहां उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन पहला टेस्ट जीतकर इंग्लैंड की उत्साही टीम भारत के घरेलू प्रभुत्व को खत्म करने का प्रयास करेगी। भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद है कि भारतीय टीम फिर से अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए और सीरीज में बराबरी करेगी।

## संभावित प्लेइंग 11

भारत – रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, के एस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमरा और मोहम्मद सिराज

इंग्लैंड – जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, शोएब बशीर, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन

# टेस्ट टीम में जगह मिलना सबसे सुखद क्षण, ENG के खिलाफ दूसरे मैच से पूर्व बोले रजत पाटीदार

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारत के बल्लेबाज रजत पाटीदार ने कहा कि पहला टेस्ट कॉल-अप प्राप्त करना उनके जीवन का सबसे खुशी का क्षण है और सीनियर बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली से सीख रहा हूं। पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ रहा भारत शुक्रवार को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड से भिड़ेगा। केएल राहुल और रवींद्र जडेजा चोटों के कारण बाहर हैं और विराट निजी कारणों से पहले दो टेस्ट नहीं खेल रहे हैं, ऐसे में पाटीदार भारत के लिए अपना टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं।

बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में पाटीदार ने कहा, %जब भी कोई खिलाड़ी घायल हो जाता है, तो उसके लिए यह मुश्किल हो जाता है। मैंने खुद से कहा कि मैं अपना रिकवरी समय नहीं बदल सकता, खुद को वर्तमान में रखा और इसे स्वीकार किया। चोट से वापसी करते हुए अपना पहला टेस्ट कॉल-अप पाना मेरे लिए सबसे खुशी का पल है क्योंकि भारत के लिए टेस्ट खेलना मेरा सपना था। भारत ए के लिए खेलते समय मुझे कॉल आया था।%



पाटीदार ने कहा कि वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ अच्छी तरह से संवाद कर रहे हैं और नेट्स में कप्तान रोहित के साथ बल्लेबाजी पर भी चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, %मेरी बल्लेबाजी शैली आक्रामक है और मैं अपने घरेलू क्रिकेट के दिनों से इसी तरह खेलता आया हूं। यह मेरी आदत है, यह अच्छी तैयारी के बारे में है। प्रतिद्वंद्वी कैसे गेंदबाजी करते हैं, उनके गेंदबाज, फील्ड प्लेसमेंट और रोहित जैसे खिलाड़ी कैसे इसका सामना करते हैं, मैं इसे खेल में जोड़ने की कोशिश करता हूं। यही मेरा एकमात्र ध्यान है।%

पाटीदार ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें विराट को बल्लेबाजी करते हुए देखना पसंद है खासकर उनके फुटवर्क और बॉडी मूवमेंट को। 35 वर्षीय सुपरस्टार बल्लेबाज पाटीदार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में टीम के साथी भी हैं। पाटीदार ने कहा, %मैं हमेशा नेट्स के पीछे से विराट भाई की बल्लेबाजी को देखता हूं - खासकर बल्लेबाजी के दौरान उनके फुटवर्क और बॉडी मूवमेंट को - मुझे उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखने में बहुत मजा आता है। मैं इसे अपने खेल में जोड़ने की कोशिश करता हूं।% अपनी सारी भावनाओं को एक शब्द में व्यक्त करते हुए पाटीदार ने कहा कि वह भारत के लिए टेस्ट खेलने के लिए ÷उत्साहित÷ हैं। पाटीदार ने पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए एक वनडे मैच खेला था, जहां उन्होंने 16 गेंदों में 22 रन बनाए थे और अपने स्ट्रोकप्ले से प्रभावित किया था।

# इंग्लैंड को लगा झटका, अनुभवी खिलाड़ी दूसरे टेस्ट से बाहर



**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है क्योंकि अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच चोट के कारण भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड उम्मीद कर रहा था कि वह ठीक हो जाएंगे और शुक्रवार को विशाखापत्तनम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे, लेकिन कप्तान बेन स्टोक्स ने खुलासा किया कि 32 वर्षीय खिलाड़ी को दूसरे मैच के लिए बाहर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। आईसीसी के हवाले से स्टोक्स ने लीच के बारे में कहा, %वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। दुर्भाग्य से, उसने जो प्रहार किया उसके कारण उसके पैर में हेमेटोमा हो गया। यह हमारे लिए बड़ी दुख की बात है, जैक के लिए बड़ी दुख की बात है, जाहिर तौर पर लंबे समय तक अपनी पीठ के बल खेल से बाहर रहने के बाद।% स्टोक्स ने आगे कहा, %यह कुछ ऐसा है जिसका हम हर दिन आकलन कर रहे हैं। मेडिकल टीम ने इसे संभाल लिया है, और उम्मीद है, यह कुछ ऐसा नहीं है जो बहुत गंभीर हो और उसे श्रृंखला में लंबे समय तक बाहर रखे।

# इंग्लैंड से निपटने के लिए बनाई नई योजना, केएस भरत ने दूसरे टेस्ट को लेकर बताया प्लान

**विशाखापत्तनम।** विकेटकीपर केएस भरत ने गुरुवार को कहा कि चोटों से प्रभावित भारतीय खेमे में कोई हड़बड़ाहट नहीं है और घरेलू टीम ने यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए नई योजना बनाई है जिसमें जरूरत पड़ने पर स्वीप शॉट लगाना भी शामिल है। भरत अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलेंगे। उन्होंने कहा कि टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में रही अपनी खामियों पर काम किया है जिसमें इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए 28 रन से जीत दर्ज की थी।

ओली पोप की अगुआई में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेलकर भारतीय स्पिनरों का आराम से सामना किया। शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट में उनके इसी जज्बे से खेलना जारी रखने की उम्मीद है। भरत ने कहा, 'वे काफी अच्छा खेले। श्रेय उनको दिया जाना चाहिए। ओली पोप ने वास्तव में काफी अच्छे शॉट खेले।%

भारतीय टीम अपने स्टार आल राउंडर रविंद्र जडेजा और शीर्ष बल्लेबाज केएल राहुल के बगैर खेलेगी जो चोटिल हो गए हैं। भरत ने कहा, 'हमारी टीम बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की जिन्हें हम बेहतर तरीके से कर सकते थे और हां, हमारी निश्चित रूप से



कुछ योजनायें हैं। हम निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले मैच में कैसा खेल दिखाया, कुछ रिवर्स शॉट खेले। इस पर हमने निश्चित रूप से काम किया है।%

भारतीय बल्लेबाज ज्यादा स्वीप शॉट्स नहीं खेलते हैं लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले दो ट्रेनिंग सत्र में इन शॉट का अभ्यास करते हुए दिखायी दिये। क्या इसका मतलब है कि घरेलू टीम ज्यादा 'स्क्वायर ऑफ द विकेट% खेलेगी? उन्होंने कहा, 'भारत में हम इस तरह के ट्रैक पर काफी क्रिकेट खेले हैं। ऐसा नहीं है कि हम स्वीप, रिवर्स स्वीप या पेडल शॉट खेलना नहीं जानते, लेकिन टीम की हालात को देखते हुए उस विशेष दिन हम बल्लेबाज फैसला करते हैं।%

भरत ने कहा, 'हमारे लिए बहुत स्पष्ट है कि स्वतंत्रता से खेलें। हमने पहले मैच से पहले भी रिवर्स स्वीप शॉट का अभ्यास किया था। लेकिन क्रीज पर खेलते हुए यह बल्लेबाजी की व्यक्तिगत योजना होती है।% हैदराबाद में दूसरी पारी में इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन फिर टॉम हार्टले की खूबसूरत गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने कहा, 'अगर टीम एक निश्चित तरीक से खेलने की मांग करती है तो हमें ऐसा ही करना होता है।%

## संक्षिप्त समाचार

### सुब्रमण्यम स्वामी श्रृंगार गौरी मुकदमे में बनना चाहते हैं पक्षकार

**वाराणसी, एजेंसी।** वरिष्ठ राजनेता और वकील सुब्रमण्यम स्वामी ने पांच महिला वादियों द्वारा दायर श्रृंगार गौरी मुकदमे में पक्षकार बनने के लिए जिला अदालत का दरवाजा खटखटाया है। स्वामी के कानूनी सहयोगी और वकील वैदुष्य पार्थ ने कहा,हमने लंबित मुकदमों की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन किया है। मैं गुरुवार को डॉ. स्वामी की ओर से उन्हें प्राप्त करूंगा और उसके बाद हम पक्ष रखेंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति में, स्वामी ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर की बाहरी दीवार पर मां श्रृंगार गौरी और अन्य देवताओं की पूजा करने के लिए राहत की मांग करते हुए वाराणसी जिला अदालत के समक्ष मुकदमों का एक समूह पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा,वाराणसी जिला अदालत में मुकदमे के नतीजे का सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित मेरे मामले पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, मैंने इस मुकदमे में पक्षकार बनने का फैसला किया है। उन्होंने कहा,काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार वहीं होना चाहिए जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद है। मेरे पास काशी विश्वनाथ (और मथुरा में कृष्ण मंदिर) के लिए अपवाद बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक याचिका लंबित है, जैसा कि राम जन्मभूमि मामले में था।

### एमबीए के छात्र ने खुदकुशी करने का बनाया वीडियो, प्रेमिका पर लगाया आरोप

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित छावनी थाना अंतर्गत कैम्प 1 आजाद मोहल्ले में रहने वाले युवक ने खुदकुशी कर ली है। युवक एमबीए का छात्र था, और उसने सुसाइड करने से पहले एक वीडियो बनाया था जिसके बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कथित प्रेमिका समेत 3 लोग को पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें 2 युवती और एक युवक है।
यह पूरा मामला भिलाई के कैम्प 1 आजाद मोहल्ला का बताया जा रहा है यहां गौरव रॉय जिसकी उम्र 22 वर्ष थी उसने एक वीडियो बनाया। जिसमें उसने अपनी कथित प्रेमिका हुमा नाज, उसकी बहन फिजा नाज और उसकी बहन का दोस्त मजहर अंसारी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही गौरव ने वीडियो बनाते हुए अपनी कथित प्रेमिका से संबंध होने की बात करते हुए कहा कि उसकी प्रेमिका उसे रेप केस में फंसाना चाहती है। युवक ने कहा कि उसकी बार-बार की धमकियों से परेशान होकर वह खुदकुशी कर रहा है। बतादें कि जब युवक ने वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर युवक ने गाड़ी के शोरूम के पीछे रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या कर ली है। वही वीडियो के सामने आने के बाद इसे अधार मानते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे मामले को लेकर छावनी सीएसपी आशीष बंछोर ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ खुदकुशी करने के मजबूर करने का आरोप लगा है। जिन्हें पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### हिमाचल में लोकसभा चुनाव से पहले 19 आईएएस अधिकारियों का तबादला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने 19 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। आठ जिलों के डीसी भी बदल दिए गए हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह तबादले किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से बुधवार देर शाम इस संबंध में आदेश जारी हुए हैं। हमीरपुर के डीसी हेमराज बैरबा को कांगड़ा का डीसी बनाया गया है। इसी तरह चंबा के डीसी अपूर्व देबगन अब मंडी के डीसी होंगे। किन्नौर के डीसी तोरूल एस रवीश को कुल्लू का डीसी तैनात किया गया है। परिवहन के निदेशक अनुपम कश्यप शिमला के डीसी बनाए गए हैं। आईटी के निदेशक मुकेश रिपसवाल चंबा के नए डीसी होंगे। निदेशक कार्मिक व वित्त अमित कुमार शमा को किन्नौर का डीसी बनाया गया है। विशेष सचिव वित्त अमरजीत सिंह को हमीरपुर का डीसी बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के प्रबंध निदेशक जतिन लाल को ऊना का डीसी तैनात किया गया है।

# हिजाब पहना तो स्कूल में नो एंट्री : शिक्षामंत्री दिलावर

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में हिजाब विवाद बढ़ता जा रहा है। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हिजाब पहनने पर स्कूल में प्रवेश नहीं मिलेगा। शिक्षामंत्री ने कहा- ज्ञानवापी तो झांकी है। मथुरा-काशी बाकी है। अकबर महान नहीं, बलात्कारी था। अकबर ने मीना बाजार में मां और बहनों को उठाने का काम किया। वह महान कैसे हो सकता है। शिक्षामंत्री ने कहा कि जानबूझकर अगली पीढ़ी को गलत दिशा देने की कोशिश की जा रही है। मैं सिलेबस को चेंज करने का पक्षधर नहीं, लेकिन महापुरुषों को नीचा दिखाने की कोशिश करने वाले अंशों को जरूर हटाया जाएगा। मदन दिलावर ने कहा कि देश की जनता लगातार बात करती आई है कि ये (अयोध्या) तो पहली झांकी है, मथुरा-काशी बाकी है। जब तक श्री कृष्ण भगवान के जन्म स्थल पर उनका भव्य मंदिर नहीं बन जाता, तब तक वो एक समय ही भोजन करेंगे और माला नहीं पहनेंगे।



मदन दिलावर ने कहा कि वो किसी भी तरह के सिलेबस को चेंज करने के पक्ष में नहीं है, लेकिन जानबूझकर अगली पीढ़ी को गलत दिशा देने की कोशिश की जा रही है। पूर्वजों के बारे में भ्रामक जानकारियां दी जा रही है। महापुरुषों को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे अंशों को सिलेबस से हटाया जाएगा। अकबर महान है तो वो क्यों महान है ? वो तो मीना बाजार लगाकर मां-बहनों को उठा ले जाता था, उनके साथ अनैतिक हरकते करता था। वो महान कैसे हो सकता है ? महाराणा प्रताप तो हमेशा देश और मेवाड़ के लिए लड़े हैं, तो उनसे लड़ने वाला देश का हितकारी कैसे हो सकता है ? उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले सुना था कुछ पुस्तकों में पढ़ाया जा रहा था कि चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह आतंकवादी हैं। अगर हमारे देशभक्त क्रांतिकारियों को आतंकवादी पढ़ाएंगे तो बच्चों के मन पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? उनकी दिशा क्या हो जाएगी ? वीर सावरकर तो देशभक्त है ही नहीं, ये कैसे मान लेंगे ? ऐसे अंश होंगे तो उनकी समीक्षा कर रहे हैं, कोशिश करेंगे की उन अंशों को हटाया जाए। स्कूलों के होनहार छात्रों को साइकिल, लैपटॉप, टैबलेट देने की योजना पर उन्होंने कहा कि साइकिल देने की प्रक्रिया जारी है। बाकी लैपटॉप- टैबलेट के विषय में मुख्यमंत्री से बात करेंगे, उसके बाद ही फैसला लिया जाएगा। जहां तक साइकिलों के रंग को कांग्रेस शासन काल में भगवा से काला करने का सवाल है तो ये सारी कांग्रेस ही काली है।इसलिए वो काला-काला करेगी ही, लेकिन अभी पूरा देश राममय हो रहा है। सभी महापुरुषों के पास जितने भी झंडे थे, सब भगवा ही थे। उगते सूर्य से लेकर, प्रवलित अग्नि तक सबका रंग भगवा ही है। जब सारी सृष्टि ही भगवा से जगमगाती है तो दूसरी और चीज भगवमयी क्यों ना हो. साइकिल भी भगवा हो जाएगी, तो क्या दिक्कत है। स्कूलों में हिजाब को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि उन्होंने कोई नया आदेश जारी नहीं किया।पहले से आदेश है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को अपनी ड्रेस (पोशाक, गणवेश) पहन कर जाना चाहिए।यही आग्रह है कि विद्यालय में विद्यार्थियों को अपनी गणवेश में ही आना चाहिए। ये आदेश पहले से दिए हुए है। इसमें उनका कोई नया आदेश नहीं है। ये कांग्रेस के राज में भी था और बीजेपी के राज में भी है। पहले भी था और अभी भी है। मदन दिलावर ने कहा कि पॉलिसी बनाने में टाइम लगता है, इतना जल्दी पॉलिसी बनाना संभव नहीं है, लेकिन कोशिश करेंगे की आगामी समय में पॉलिसी तैयार कर मंत्रिमंडल में जाए और मंत्रिमंडल इस पर जो भी फैसला ले, वैसा काम किया जाए।

## मुन्ना भाई की खैर नहीं, पेपर लीक के खिलाफ कानून की तैयारी; 1 करोड़ लगेगा जुर्माना

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
परीक्षाओं में धांधली रोकने और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। खबर है कि सोमवार को संसद में इससे जुड़ा विधेयक भी पेश हो सकता है। खास बात है कि बजट सत्र के शुरुआत में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अभिभाषण में पेपर लीक के खिलाफ कानून का जिक्र किया था। खबर है कि इसमें 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपये जुर्माने जैसे कड़े प्रावधान शामिल हैं।

सरकारी नौकरियों और केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं में गलत संसाधनों के इस्तेमाल के खिलाफ नए विधेयक की तैयारी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रस्तावित कानून का मकसद माफिया समेत ऐसे संस्थानों और लोगों पर नकेल कसना है, जो पेपर लीक, किसी और से परीक्षा दिलाने, कंप्यूटर हैकिंग में शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, तय अभ्यर्थी के स्थान पर किसी और को परीक्षा दिलाने, पेपर सॉल्व कराने, केंद्र के अलावा कहीं और परीक्षा आयोजित करने या परीक्षा से जुड़ी धोखेबाजी की जानकारी नहीं देने वालों को 3 से 5 सालों की सजा हो सकती है। साथ ही 10 लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

कहा जा रहा है कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा करा रहा सर्विस प्रोवाइडर अगर गलत कामों में शामिल पकड़ा जाता है, तो 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लग सकता है। साथ ही उसपर 4 सालों के लिए परीक्षा आयोजित कराने पर भी रोक लग सकती है। ऐसी कंपनी का अगर शीर्ष प्रबंधन भी इस तरह के कामों में लिप्त पाया जाता है, तो 3 से 10



सालों की जेल और 1 करोड़ रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है। पीटीआई भाषा के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक, 2024 सोमवार को संसद में पेश किया जा सकता है, लेकिन अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में इस विधेयक को मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में विद्यार्थियों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और साठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। विधेयक में एक उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति का भी प्रस्ताव है, जो कम्प्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। यह एक केंद्रीय कानून होगा और इसके दायरे में संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाएं भी आएंगी। इससे पहले, बजट सत्र की शुरुआत पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। उ

## कमाई कम और भारत जोड़ो यात्रा पर ही खर्च हुआ कांग्रेस का 30 पर्सेंट बजट, फंडिंग में बड़ी गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सितम्बर 2022 से जनवरी 2023 के बीच कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर की राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कांग्रेस ने कुल 71.8 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जो उसके सालाना खर्च का 15.3 फीसदी है। यह रकम 2022-23 के दौरान पार्टी के प्रशासनिक और सामान्य खर्चे का कुल 30 फीसदी से ज्यादा है। चुनाव आयोग के पास दाखिल पार्टी की नवीनतम वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। टीओआई के एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में कांग्रेस की कुल आमदनी वित्त वर्ष 2021-22 में 541 करोड़ रुपये से गिरकर 452 करोड़ रुपये पर पहुंच गई जबकि इसी अवधि में इसका खर्च 400 करोड़ रुपये से बढ़कर 467 करोड़ रुपये हो गया। चुनाव आयोग द्वारा बुधवार को सार्वजनिक की गई पार्टी की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 में चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस की कुल प्राप्तियां 236 करोड़ रुपये थी, जो 2022-23 में घटकर 171 करोड़ रुपये रह गई हैं। यह इसके कुल दान का 63फीसदी और इसकी कुल आय का मात्र 38त है।

अब तक, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए छह राष्ट्रीय दलों में से पांच - आप, बसपा, सीपीएम, नेशनल पीपुल्स पार्टी और कांग्रेस की ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग ने सार्वजनिक की हैं। बीजेपी की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है।

71.8 करोड़ रुपये और चुनावों पर 192.5 करोड़ रुपये खर्च किए। पिछले वित्त वर्ष में चुनावों पर खर्च 279.5 करोड़ रुपये था। पार्टी के प्रशासनिक और सामान्य खर्चों में 2021-22 की तुलना में 161त की बढ़ोतरी देखी गई। इस साल पार्टी की तरफ से यात्रा के रूप में एक नई पहल और चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों पर खर्च में तेज वृद्धि देखी गई है।

## कांग्रेस ने मुंबई की 3 सीटों पर ठोका दावा

**मुंबई, एजेंसी।**
इंडिया गठबंधन के लिए सीट शेयरिंग बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने एक भी सीट देने से इनकार कर दिया है। वहीं, पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी अकेले लड़ने का ऐलान किया है। महाराष्ट्र में भी बंटवारे की राह आसान नहीं दिख रही है। कांग्रेस ने मुंबई की कुल छह सीटों में से तीन पर दावा ठोक दिया है। इसके कारण महा विकास अघाड़ी में शामिल एनसीपी और शिवसेना (उद्धव) के बीच आम सहमति नहीं बन पा रही है।

उद्धव ठाकरे की शिवसेना कांग्रेस के दावे को सिरे से खारिज कर दिया और केवल एक सीट देने के लिए तैयार है। आपको बता दें कि हाल ही में कांग्रेस के दिग्गज नेता मिलिंद देवड़ा ने इसी मुद्दे पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।



हालांकि, कांग्रेस के एक शीर्ष नेता का कहना है कि 38 सीटों पर सहमति बन गई है। उन्हें इस बात की उम्मीद है कि 2 फरवरी को एमवीए की अगली बैठक में शेष सीटों पर अधिकांश विवादों का समाधान हो जाएगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर कोई फैसला नहीं होता है तो एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, यूबीटी सेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और एआईसीसी पर्यवेक्षक रमेश चेन्निथला सीट बंटवारे को लेकर विवाद सुलझाएंगे। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछली एमवीए बैठक के दौरान, कांग्रेस नेताओं ने मुंबई की तीन सीटों (उत्तर-मध्य, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-मध्य ) पर दावा किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से पूनम महाजन ने उत्तर-मध्य से, शिवसेना के उम्मीदवार गजाजन कीर्तिकर ने उत्तर-पश्चिम से और शिवसेना के ही राहुल शेवाले ने दक्षिण-मध्य सीट से जीत हासिल की थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना इन सीटों को अपना गढ़ मानती है। उसने कांग्रेस को सिर्फ मुंबई उत्तर सीट की पेशकश की है।

## पाकिस्तान में आम चुनाव से ठीक पहले जनता पर गिरा महंगाई बम, पेट्रोल के दाम में फिर लगी आग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले कार्यवाहक सरकार ने एक बार फिर जनता पर मंहगाई बम फोड़ दिया है। सरकार ने बुधवार को अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल की कीमत में13.55 प्रति लीटर पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) की बढ़ोतरी की है। वित्त विभाग की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल की नई कीमत अब 259.34 पीकेआर की पिछली कीमत से 272.89 प्रति लीटर पीकेआर है। हाई-स्पीड डीजल की कीमत 2.75 पीकेआर बढ़ाकर 278.96 प्रति लीटर पीकेआर कर दी है। अधिसूचना में लाइट-डीजल तेल और केरोसिन तेल की कीमतों में किसी बदलाव का जिक्र नहीं किया गया है।

पेट्रोल की कीमत में बढ़ोतरी पहले की अपेक्षा से अधिक है। उच्च अंतर्राष्ट्रीय कीमतों और आयात प्रीमियम के कारण अगले पखवाड़े में पेट्रोल और एचएसडी की कीमतें 5-9 पीकेआर प्रति लीटर तक बढ़ने का अनुमान लगाया गया था, जिससे मामूली विनिमय दर लाभ का प्रभाव समाप्त हो गया। डॉन न्यूज ने जानकार सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि पिछले एक पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोनों प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं और अमेरिकी



डॉलर के मुकाबले रुपये में बढ़त के बावजूद पाकिस्तान स्टेट ऑयल को भी अधिक आयात प्रीमियम का भुगतान करना पड़ा है।

परिणामस्वरूप, अंतिम विनिमय दर गणना के आधार पर, एचएसडी की कीमत पीकेआर 4-6 प्रति लीटर और पेट्रोल की कीमत पीकेआर 6.5 से 9 प्रति लीटर तक बढ़ने की उम्मीद थी। हालांकि, केरोसीन और एलडीओ की कीमतें अपरिवर्तित रहने की उम्मीद थी। अधिकारियों ने कहा था कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमत 3 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक घटकर 83 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से 86.5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है,।

## मुआवजे को लेकर सवालों को टाल गए जुकरबर्ग, मांगी माफी, सीनेट में सोशल मीडिया कंपनियों को सांसदों ने घेरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में सोशल मीडिया मंचों के प्रमुखों की कैपिटल हिल में हो रही सुनवाई के दौरान मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग से सीनेटर जोश हॉले ने पूछा, क्या वे दिवंगत बच्चों के माता-पिता को मुआवजा देंगे? जुकरबर्ग परेशान नजर आए। फिर सवाल को टालते हुए बोले, मेरा काम अच्छे टूल बनाना है। तभी एक मां ने अपने दिवंगत बच्चे की तस्वीर उठाकर सबका ध्यान खींचा और जुकरबर्ग से पूछा कि क्या उन्होंने इन माता-पिता से माफी मांगी? क्या अब मांगेंगे? जुकरबर्ग खड़े हुए और माता-पिता से माफी मांगी। दिवंगत बच्चों के अभिभावकों ने नाराजगी जताई। वहीं, अमेरिका के कम्युनिकेशन डीसेंसी एक्ट की धारा 230 को खत्म करने की मांग ग्राहम सहित कई सांसदों ने की। यह धारा सोशल मीडिया पर तीसरे पक्ष की सामग्री के लिए कंपनी के मालिकों को जिम्मेदार नहीं मानती। सीनेटर माइक



ली ने जुकरबर्ग से पूछा, उनके मंच से यौन सामग्री कैसे फैलती है? जुकरबर्ग ने कहा, हम अनुमति नहीं देते। ली ने फिर सवाल किया, तो रोक के बाद भी इसे कैसे फैला रहे हैं? सीनेटर रिचर्ड ने मेटा के वैश्विक मामलात निदेशक निक क्लेग के ई-मेल दिखाए। क्लेग ने बताया मेटा उस वक्त एक तिमाही में 9,200 करोड़ डॉलर कमा रही थी, लेकिन सुरक्षा पर पांच करोड़ डॉलर भी नहीं खर्च सकी। डिस्कॉर्ड के सीईओ जेसन सिट्रन ने कहा, उन्होंने वीडियो गेम खेलने वालों को आपस में जोड़ने और दोस्ती बढ़ाने के लिए मंच बनाया था। अपने मंच पर एन्क्रिप्शन का विरोध करते हुए उन्होंने कहा, इससे बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए कदम विफल हो जाएंगे। स्नैप के सीईओ इवान स्पीगल ने कहा, वह बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री सर्च करने का विकल्प खत्म करेंगे। उन्होंने बताया, 2023 में कंपनी ने बच्चों के शोषण की 6.90 लाख शिकायतें कीं, एक हजार आरोपी गिरफ्तार हुए। टिकटॉक सीईओ शो जी च्यू ने 2024 में 200 करोड़ डॉलर निवेश कर प्लेटफॉर्म को सुरक्षित बनाने का दावा किया। एक्स सीईओ लिंडा यक्कारिनो ने कहा कि उनका प्लेटफॉर्म बच्चों या किशोरों के लिए नहीं है। बताया, नीतियों का उल्लंघन करने वाले 1.24 करोड़ अकाउंट पिछले साल डिलीट किए गए।

## चीनी हैकर्स के निशाने पर अमेरिका का बुनियादी ढांचा, एफबीआई डायरेक्टर ने जताई चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** चीनी हैकर्स अमेरिकी मूलभूत सुविधाओं को निशाना बना रहे हैं। इसमें जलशोधन संयंत्र, बिजली ग्रिड, परिवहन सेवा सहित देश के अन्य महत्वपूर्ण मूलभूत सुविधा प्रदान करने वाले क्षेत्र शामिल हैं। एफबीआइ के डायरेक्टर क्रिस रे इसे लेकर सांसदों को जानकारी देंगे।

चीन पर हाउस सेलेक्ट कमेटी के समक्ष तैयार की गई टिप्पणियों की एक प्रति के अनुसार साइबर खतरे पर सार्वजनिक रूप से बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है। चीन के हैकर्स अमेरिकी बुनियादी ढांचे पर तबाही मचाने और अमेरिकी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की तैयारी में हैं।



यह फैसला चीन को करना है कि हमला का समय कब होगा। ये टिप्पणियां माइक्रोसाफ्ट सहित अन्य साइबर सुरक्षा फर्मों के आकलन के अनुरूप हैं, जिन्होंने मई में कहा था कि राज्य समर्थित चीनी हैकर अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को लक्षित कर रहे हैं और भविष्य के संकटों के दौरान अमेरिका और एशिया के बीच महत्वपूर्ण संचार के संभावित व्यवधान के लिए तकनीकी आधार तैयार कर सकते हैं।

**चीनी सरकार ने समिति की आलोचना की:** रे ने कहा कि हर दिन वे सक्रिय रूप से हमारी आर्थिक सुरक्षा पर हमला कर रहे हैं। वे हमारे नवाचार और हमारे व्यक्तिगत और कार्पोरेट डेटा की चोरी में संलग्न हैं। विस्कान्सिन के रिपब्लिकन प्रतिनिधि माइक गैलाघेर की अध्यक्षता में समिति की स्थापना पिछले साल चीन का मुकाबला करने के लिए की गई थी। चीनी सरकार ने समिति की आलोचना करते हुए मांग की है कि इसके सदस्य अपने वैचारिक पूर्वाग्रह की मानसिकता को त्यागें।

### सेना की मददगार चीनी कंपनियों को पेंटागन ने लगाई फटकार

रायटर के अनुसार अमेरिका ने चीन की करीब एक दर्जन कंपनियों पर अपने देश की सेना पीएमए की गलत तरीके से मदद करने का आरोप लगाते हुए फटकार लगाई है। इस सिलसिले में पेंटागन ने संदेह के घेरे में आई कुछ कंपनियों की सूची तैयार की है। सूची में जोड़े गए नामों में मेमोरी चिप निर्माता वाईएमटीसी, आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस कंपनी मेगवी, लिडार निर्माता हेसाई टेक्नोलॉजी और टेक कंपनी नेटपोसा शामिल हैं। इस कवायद को विश्व की दो महाशक्तियों के बीच तनाव को और बढ़ाने वाला माना जा रहा है।

## अमेरिका ने इराक के आतंकी गिरोह इस्लामिक रेजिस्टेंस को ठहराया जिम्मेदार, जवाबी हमले की तैयारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** जॉर्डन में ड्रोन हमले को लेकर अमेरिका के व्हाइट हाउस से आधिकारिक बयान सामने आया है, जिसमें इराक के एक आतंकी समूह इस्लामिक रेजिस्टेंस को इसका जिम्मेदार ठहराया गया है। बताया जा रहा है कि यह उग्रवादियों का एक ऐसा समूह है जिसने तीन अमेरिकी सेवा सदस्यों की जान ले ली थी।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, हमारा मानना है कि जॉर्डन में हमले की योजना, संसाधन और सुविधा इराक में इस्लामिक रेजिस्टेंस नामक एक समूह द्वारा बनाई गई थी, जिसमें कताइब हिजबुल्लाह सहित कई समूह शामिल हैं। किर्बी ने कहा कि कताइब हिजबुल्लाह पूरी तरह से दोषी नहीं है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकी समूह अमेरिकी ठिकानों पर पिछले हमलों की जिम्मेदारी साझा करता है। बता दें कि हमास द्वारा इस्राइल पर 7 अक्तूबर के हमले के बाद से हुए कई हमलों में से जॉर्डन में अमेरिकी सेना पर ड्रोन हमला एक महत्वपूर्ण घटना थी। उन्होंने आगे बताया कि यह पहली बार है जब हमले के बाद मध्य पूर्व में सीधी गोलीबारी में अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है। हमले में गंवाई इन सदस्यों ने जान इस हमले में दिवंगत हुए सेवा सदस्यों की पहचान कैरोलटन, जॉर्जिया के 46 वर्षीय सार्जेंट विलियम रिवर के रूप में की गई। इसके अलावा जान गंवाने वालों में वेक्रॉस, जॉर्जिया के 24 वर्षीय सार्जेंट कैनेडी सैंडर्स और सवाना, जॉर्जिया की 23 वर्षीय सार्जेंट ब्रियोना मोफेट शामिल थे। आर्मी रिजर्व के अनुसार, सैंडर्स और मोफेट को मरणोपरांत विशेषज्ञ के पद से सार्जेंट के पद पर पदोन्नत किया गया था। राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्यक्तिगत रूप से तीन सेवा सदस्यों के परिवारों से बात की और शुक्रवार को डोवर वायु सेना बेस में उनके सम्मानजनक स्थानांतरण में शामिल होंगे। तीन मौतों के अलावा, 40 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें से तीन व्यक्तियों को आगे के इलाज के लिए जर्मनी के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जबकि एक की हालत स्थिर और एक की गंभीर बनी हुई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129